FIRST INDIA
दैनिक हिंदी अखबार
जयपुर, मंगलवार, 12 मई, 2026
# सच बेधड़क
फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष-दशमी, विसं 2083

महापूजा



पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद दुनिया ने लगाए थे प्रतिबंध... हम किसी और मिट्टी के बने हैं, भारत डरा नहीं

सोमनाथ से मोदी की हुंकार

# भारत को दुनिया की कोई ताकत झुका नहीं सकती




■ सोमनाथ मंदिर में पीएम ने की महापूजा, विशेष डाक टिकट भी किया जारी

**बेधड़क** | सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण को भारत की अटल राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही दबाव में ला सकती है। गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आयोजित 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' समारोह में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक विरासत और भारत की सामरिक शक्ति को एक सूत्र में जोड़ते हुए विपक्ष पर भी तीखा राजनीतिक हमला बोला। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि 11 मई भारत के इतिहास में दोहरी अहमियत रखता है। एक ओर इसी दिन सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, वहीं 1998 में इसी दिन भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया को अपनी सामरिक क्षमता का संदेश दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा, 11 मई 1998 को हमारे वैज्ञानिकों ने भारत की क्षमता दुनिया के सामने रखी। मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेंद्र प्रसाद के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि सोमनाथ पुनर्निर्माण को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विरोध का सामना करना पड़ा था। पीएम ने सोमनाथ मंदिर में महापूजा की और एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया।

**हम डटे रहे, डरे नहीं:** मोदी ने कहा कि परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर अनेक आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाए गए, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश झुका नहीं। 'ऐसे हालात में कई देश हिल जाते, लेकिन भारत किसी और मिट्टी का बना है। 11 मई को परीक्षण हुए और 13 मई को दो और परीक्षण कर भारत ने दुनिया को अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखा दी।' उस समय पूरी दुनिया का दबाव भारत पर था, लेकिन भाजपा सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके लिए 'राष्ट्र प्रथम' है।

## राम मंदिर विरोध का जिक्र कर साधा विपक्ष पर निशाना

अपने संबोधन में मोदी ने सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय चेतना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा, बार-बार आक्रमण हुए, मंदिर तोड़ा गया, लेकिन हर बार सोमनाथ फिर खड़ा हुआ। प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज भी देश में ऐसी शक्तियां सक्रिय हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण की राजनीति प्रिय है। पीएम ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के समय भी इसी तरह की मानसिकता देखने को मिली थी।

मोदी की लगातार दूसरे दिन अपील

## विदेशी मुद्रा बचाना समय की सबसे बड़ी जरूरत

**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लगातार दूसरे दिन देशवासियों से खर्चों में कटौती और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की। गुजरात के वडोदरा में प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ईंधन की खपत कम करना और आयातित वस्तुओं पर निर्भरता घटाना जरूरी है। मोदी ने लोगों से सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक उपयोग करने, अनावश्यक विदेशी यात्राओं से बचने तथा फिलहाल सोने की खरीद टालने का आग्रह किया। भारत तेल और एलपीजी के लिए पश्चिम एशिया पर काफी निर्भर है, इसलिए विदेशी मुद्रा के अनावश्यक खर्च से बचना समय की मांग है।

पंचामृत अभिषेक



'सोमनाथ अमृत महोत्सव' के तहत जयपुर स्थित झाड़खंड महादेव मंदिर में पंचामृत अभिषेक करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

जरूरी खबर

## असम में आज सीएम पद की शपथ लेंगे हिमंत बिस्वा सरमा



**गुवाहाटी।** हिमंत बिस्वा सरमा मंगलवार को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य सुबह 11:40 बजे शर्मा और नई मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाएंगे।

## एक जुलाई से लागू होगा नया 'वीबी-जी राम जी' कानून

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह नया 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम एक जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, मनरेगा को निरस्त कर नए कानून के तहत रोजगार योजना संचालित की जाएगी। 30 जून तक जारी सभी कार्य नए ढांचे में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।

विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान के लिए शुरू होगा 'ब्रह्मगुप्त पुरस्कार'

# जयपुर के कोचिंग हब में बनेगा अत्याधुनिक इनोवेशन सेंटर: CM

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर जयपुर के कोचिंग हब में युवाओं के लिए अत्याधुनिक इनोवेशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। साथ ही विज्ञान, गणित, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने के लिए 'ब्रह्मगुप्त पुरस्कार' शुरू करने का ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान और तकनीक ही भविष्य के विकास का आधार हैं तथा राजस्थान अपनी युवा शक्ति के दम पर तकनीकी प्रगति और नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं से नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा संकोच छोड़कर अपने सपनों को उड़ान दें और राजस्थान को तकनीक एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि 'ब्रह्मगुप्त पुरस्कार' राजस्थान की वैज्ञानिक विरासत और नई पीढ़ी के बीच एक मजबूत सेतु बनेगा। यह सम्मान विज्ञान, गणित, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्यार्थियों, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बिड़ला ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए। साथ में मंत्री जोगाराम पटेल, संजय शर्मा और विधायक गोपाल शर्मा।

### एआई और ड्रोन तकनीक पर राज्य सरकार का विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए एआई-एमएल पॉलिसी तैयार कर चुकी है। साथ ही विज्ञान और तकनीक का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए केंद्रीकृत राज्य स्तरीय ड्रोन सेल स्थापित करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के जरिए आपदा प्रबंधन, कृषि, शहरी नियोजन और पर्यावरण संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। भजनलाल शर्मा ने युवाओं से माय भारत, आई-स्टार्ट और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि आज का युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनना चाहिए।

### पोखरण परीक्षण को बताया आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व पर बोलते हुए कहा कि 11 मई केवल एक तारीख नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से भारत ने दुनिया को अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता का परिचय दिया था। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम के योगदान को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' के संकल्प को देश आज तेजी से साकार कर रहा है। कोरोना वैक्सीन निर्माण, चंद्रयान मिशन, तेजस, अर्जुन टैंक और प्रचंड हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत तस्वीर पेश कर रहे हैं।

### विज्ञान क्लबों और रोबोटिक्स लैब से बढ़ेगी वैज्ञानिक सोच

मुख्यमंत्री ने बताया कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रदेश के मॉडल स्कूलों और पीएम श्री विद्यालयों में 820 विज्ञान क्लब शुरू किए जा रहे हैं। इसके अलावा 500 से अधिक विद्यालयों में रोबोटिक्स लैब स्थापित की गई हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों और युवा उद्यमियों से संवाद किया। विभिन्न जिलों के विद्यार्थियों और स्टार्टअप उद्यमियों ने अपने नवाचार और शोध कार्यों की जानकारी भी साझा की। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री संजय शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा मौजूद रहे।

जयपुर, शेखावाटी में आंधी-बूंदाबांदी के आसार

# सूरज के तेवर हुए तीखे, बाड़मेर 47 डिग्री पार

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भीषण गर्मी ने जनजीवन को झुलसाना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटों में बाड़मेर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 47.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के अन्य शहरों में भी पारा खतरनाक स्तर पर बना रहा। फलोदी में 46.8 डिग्री, जैसलमेर में 46.5 डिग्री, बीकानेर में 45.3 डिग्री, जोधपुर शहर में 44.9 डिग्री और चित्तौड़गढ़ में 44.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सिरोही में 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में सोमवार को अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों में शहर का तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है।




### श्रीगंगानगर में ओलावृष्टि

भीषण गर्मी के बीच कुछ इलाकों में मौसम ने करवट भी ली। हनुमानगढ़ जिले के सांगरिया और टीबी क्षेत्र में 4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि श्रीगंगानगर में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में जयपुर, शेखावाटी और भरतपुर संभाग के उत्तरी हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी और हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

### पांच दिन तक लू का खतरा

मौसम विभाग ने बीकानेर और जोधपुर संभाग के कई जिलों में आगामी चार से पांच दिनों तक हीटवेव और ऊष्णरात्रि की चेतावनी जारी की है। विभाग ने लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

## पीएम मोदी की 15 मई से पांच देशों की यात्रा

**बेधड़क.नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 20 मई तक पांच देशों संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार दौरे की शुरुआत 15 मई को यूएई से होगी, जहां प्रधानमंत्री राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री रॉब जेटेन के निमंत्रण पर 15 से 17 मई तक नीदरलैंड की यात्रा करेंगे। वहीं 17-18 मई को वे पीएम उल्फ क्रिस्टर्सन के निमंत्रण पर स्वीडन के गोथेनबर्ग जाएंगे। मोदी 18-19 मई को नॉर्वे में आयोजित तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। पीएम जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर 19 से 20 मई तक इटली की यात्रा करेंगे।

बंगाल की भाजपा सरकार का बड़ा फैसला

# BSF को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

## नए आपराधिक कानून लागू होंगे, आयुष्मान योजना पर भी काम शुरू

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने नाबन्ना में हुई पहली कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि अवैध घुसपैठ रोकने के लिए 45 दिनों के भीतर जमीन गृह मंत्रालय को ट्रांसफर कर दी जाएगी। सरकार ने राज्य में भारतीय न्याय संहिता (BNS) को तत्काल प्रभाव से लागू करने का भी फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार ने नए आपराधिक कानूनों को लागू नहीं किया था। इसके साथ ही केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना को भी पश्चिम बंगाल में लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उज्ज्वला योजना से जुड़ी लंबित याचिकाएं भी केंद्र सरकार को भेज दी गई हैं। कैबिनेट ने IAS और IPS अधिकारियों को केंद्रीय प्रशिक्षण की अनुमति देने तथा राज्य सरकारी नौकरियों में पांच वर्ष का विस्तार देने का भी निर्णय लिया है। चुनावी हिंसा में मारे गए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों की जिम्मेदारी उठाने का फैसला भी सरकार ने किया है।



### मनोज अग्रवाल बने पश्चिम बंगाल के नए मुख्य सचिव



मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल को पश्चिम बंगाल का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी अग्रवाल विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का नेतृत्व कर चुके हैं। इस दौरान करीब 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे। वर्तमान मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला को नई दिल्ली में प्रमुख स्थानीय आयुक्त बनाया गया है। मनोज अग्रवाल राजस्थान कैडर के आईपीएस अधिकारी संजय अग्रवाल के बड़े भाई हैं।

### सुवेंदु के सहयोगी की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार



पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसआईटी ने तकनीकी निगरानी और डिजिटल ट्रैकिंग के जरिए आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस के अनुसार, हत्या से पहले संदिग्ध कार ने बाली टोल प्लाजा पार किया था, जहां एक आरोपी ने यूपीआई से भुगतान किया। गिरफ्तार आरोपियों में मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य बिहार के बक्सर से तथा राज सिंह उत्तर प्रदेश के बलिया से पकड़ा गया।

शिष्टाचार भेंट...



*डॉ. जगदीश चंद्र ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित लोकसभा अध्यक्ष आवास पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की।*

## जरूरी खबर

### शिक्षक भर्ती 2022: पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति के आदेश

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान शिक्षक भर्ती 2022 से जुड़े मामले में राजस्थान हाई कोर्ट ने अभ्यर्थियों को राहत देते हुए राज्य सरकार को नियमानुसार नियुक्ति देने के आदेश जारी किए हैं। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने कौशल्या जाट सहित अन्य याचिकाकर्ताओं पर यह निर्देश दिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता राम प्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि संशोधित परिणाम जारी होने के बाद अभ्यर्थियों के अंक बढ़ गए थे, जिससे वे नियुक्ति के लिए पात्र हो गए। जबकि उनसे कम अंक प्राप्त करने वाले कई अभ्यर्थी पहले से सेवा में कार्यरत हैं। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को नियुक्ति देने के आदेश जारी किए।

### राज संपर्क शिकायत निस्तारण में जयपुर अव्वल

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान सरकार के राज संपर्क पोर्टल पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अपडेटेड आंकड़े साझा किए। मुख्य सचिव के अनुसार 10 मई तक प्रदेशभर में कुल 15,200 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायत समाधान में जयपुर जिला 2,086 शिकायतों के निस्तारण के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। वहीं, 945 शिकायतों के समाधान के साथ जोधपुर दूसरे और 765 शिकायतों के निस्तारण के साथ टोंक तीसरे स्थान पर रहा। विभागवार प्रदर्शन में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (JVVNL) ने सर्वाधिक 2,437 शिकायतों का निस्तारण किया।

### राजस्थान बार काउंसिल चुनाव: मतगणना शुरू

**बेधड़क, जयपुर।** बार काउंसिल राजस्थान के 23 सदस्यीय चुनाव की मतगणना सोमवार से शुरू हो गई। पहले दिन अजमेर जिले से मतगणना की शुरुआत हुई। मतगणना का कार्य राजस्थान हाई कोर्ट की मुख्यपीठ परिसर स्थित राजस्थान बार काउंसिल मुख्यालय में दोपहर 2 बजे से शुरू हुई। चुनाव समिति के अनुसार पूरी प्रक्रिया में 45 से 48 दिन लग सकते हैं। इस चुनाव में प्रदेशभर से 84,247 अधिवक्ता मतदाता के रूप में पंजीकृत थे, जबकि 234 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव 22 अप्रैल को हुआ था, लेकिन जयपुर, जोधपुर और श्रीगंगानगर के कुछ केंद्रों पर शिकायतों के बाद पुनर्मतदान 4 मई को कराया गया। मतगणना के लिए उम्मीदवारों और उनके अधिकृत काउंटिंग एजेंटों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

7500 से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंचा अभियान

# ग्राम रथ बने गांव-गांव में संवाद और विकास की नई पहचान

■ हजारों कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि गांवों में कर रहे सीधा संवाद

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान की राजनीति में इन दिनों गांवों की चौपालें फिर से केंद्र में हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार चौपालें पारंपरिक नहीं, बल्कि आधुनिक जनसंवाद और सरकारी योजनाओं के फीडबैक का बड़ा माध्यम बन चुकी हैं।

भाजपा सरकार और संगठन की ओर से शुरू किया गया 'ग्राम विकास चौपाल' अभियान अब प्रदेशभर में ग्रामीण विकास और जनभागीदारी का नया मॉडल बनकर उभर रहा है। गांवों में पहुंच रहे 'ग्राम रथ' न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर समाधान का रास्ता भी तैयार कर रहे हैं। 28 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान ने कुछ ही दिनों में प्रदेशभर में पहुंच बनाई। अब तक प्रदेश स्तर पर 326 नेताओं और पदाधिकारियों ने प्रवास किया है, जबकि जिला स्तर पर 1100 से अधिक प्रवास हो चुके हैं।


फाइल फोटो

भाजपा कार्यकर्ता 7500 से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुके हैं और चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़, अरुण चतुर्वेदी, सीपी जोशी और सतीश पूनियां सहित कई वरिष्ठ नेता लगातार गांवों में जाकर चौपालों के माध्यम से जनता से संवाद कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री का गांवों में रात्रि प्रवास बना चर्चा का विषय

भाजपा के इस अभियान की सबसे खास बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गांवों में जाकर रात्रि प्रवास करना माना जा रहा है। ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनना, अधिकारियों को मौके पर निर्देश देना और कई मांगों पर तत्काल निर्णय लेना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रतापगढ़ जिले की बंबोरी, सीकर की जाजोद और अजमेर की कड़ेल ग्राम पंचायत में आयोजित चौपालों में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पुष्कर और उदयपुर में चौपालों में भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

### महिला सशक्तिकरण और योजनाओं पर विशेष फोकस

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव-गांव पहुंचकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर रही है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का प्रचार करना नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक उनका वास्तविक लाभ पहुंचाना है। इसी सोच के साथ प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों में ग्राम विकास चौपालों का आयोजन किया जा रहा है, जबकि ग्राम रथ के जरिए ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। ग्राम विकास चौपाल अब केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं रहे, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान, योजनाओं की समीक्षा और सरकार के प्रति विश्वास मजबूत करने का प्रभावी मंच बन चुके हैं।

पंचायत-निकाय चुनाव टालने पर हाई कोर्ट सख्त, कहा-

# 'लोकतंत्र में समय पर चुनाव कराना संवैधानिक जिम्मेदारी'

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में पंचायत व नगरीय निकाय चुनावों में हो रही देरी को लेकर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समय पर चुनाव कराना संवैधानिक जिम्मेदारी है और प्रशासनिक कारणों का हवाला देकर चुनाव अनिश्चितकाल तक नहीं टाले जा सकते। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग की ओर से दायर चुनाव टालने संबंधी प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने अदालत को बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में दिसंबर 2026 से पहले चुनाव संभव नहीं है।

ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं मिली है और अक्टूबर-दिसंबर के दौरान कई पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। ऐसे में एक साथ चुनाव कराने से 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' की अवधारणा को भी बल मिलेगा।



### अधिकारियों के भरोसे नहीं चल सकता स्थानीय स्वशासन

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि पंचायतों और नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद लंबे समय तक प्रशासकों को बैठाना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। खंडपीठ ने कहा कि यदि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह लगातार अधिकारी काम करेंगे तो स्थानीय स्वशासन की पूरी व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। अदालत ने सरकार से पूछा कि आखिर चुनाव कराने में इतनी देरी क्यों हो रही है और जनता को लोकतांत्रिक अधिकारों से कब तक वंचित रखा जाएगा।

### सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं दिखा कोर्ट

राज्य सरकार की ओर से अदालत में कहा गया कि ओबीसी आरक्षण, परिसीमन, मतदाता सूची में विसंगतियां और प्रशासनिक तैयारियों के कारण चुनाव कराने में दिक्कतें आ रही हैं। सरकार ने बताया कि कई पंचायत क्षेत्रों में जनसंख्या और आरक्षण से जुड़े आंकड़ों में गड़बड़ियां मिली हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि अदालत सरकार के इन तर्कों से पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आई। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक समस्याएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया रोकने का आधार नहीं बन सकतीं। अदालत ने यह भी संकेत दिए कि यदि तय समय में चुनाव नहीं कराए गए तो इसे गंभीर संवैधानिक विफलता माना जा सकता है।

### अदालत ने कहा- निकायों का मामला था, पंचायत चुनाव क्यों नहीं कराए?

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से पूछा कि जब आदेश मुख्य रूप से निकाय चुनावों को लेकर था तो पंचायत चुनाव समय पर क्यों नहीं कराए गए। इस पर महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट लंबित होने के कारण चुनाव संभव नहीं हो पाए। उन्होंने बताया कि 9 मई 2025 को ओबीसी आयोग का गठन किया गया था, लेकिन आयोग ने रिपोर्ट तैयार करने के लिए कई बार अतिरिक्त समय मांगा। इस पर अदालत ने टिप्पणी की कि आयोग क्या कर रहा है, इसकी पूरी जानकारी कोर्ट के सामने नहीं है, अन्यथा उसे भी निर्देश दिए जा सकते थे।

### अवमानना याचिका पर 18 मई को सुनवाई

पूर्व विधायक संयम लोढ़ा और गिर्राज देवंदा ने राज्य चुनाव आयोग के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में हाई कोर्ट अब 18 मई को सुनवाई करेगा।

### राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा पहले भी दिए जा चुके हैं चुनाव कराने के आदेश

गौरतलब है कि राजस्थान हाई कोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को 439 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही सरकार को 31 दिसंबर 2025 तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी तय समयसीमा में चुनाव कराने की बात कही थी। इसके बावजूद राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग ने अतिरिक्त समय की मांग की है।

राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर शिकायत

## फसली ऋण में गड़बड़ी पर व्यवस्थापक निलंबित, 7 दिन में जांच के निर्देश

बेधड़क | जयपुर

सहकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण कर विभाग से जुड़ी शिकायतों और प्रकरणों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेल्पलाइन के माध्यम से परिवादियों से सीधा संवाद किया और कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शासन सचिव ने हेल्पलाइन के माध्यम से करीब एक दर्जन परिवादियों से सीधा संवाद कर संबंधित अधिकारियों से मामलों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### शिकायत पर कार्रवाई

इस दौरान अलवर के एक परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई कि महाराजावास ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक द्वारा उन्हें स्वीकृत अल्पकालीन फसली ऋण की पूरी राशि उपलब्ध नहीं करवाई गई। परिवादी ने बताया कि प्रतिवर्ष 40 हजार रुपए जमा करवाने के बावजूद इस बार 51 हजार 460 रुपए जमा करवाए गए, लेकिन जून 2025 के 11 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया गया। शिकायत सही पाए जाने पर शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने व्यवस्थापक अभय यादव को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जांच के आदेश जारी कर 7 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

### अजमेर मामले में शाम तक निस्तारण के निर्देश

अजमेर जिले के शिकायतकर्ता सुरेन्द्र ने बताया कि उन्हें पिछले पांच वर्षों से फसली ऋण नहीं दिया जा रहा है। इस पर डॉ. समित शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को उसी शाम तक शिकायत का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही प्रकरण में अब तक हुई देरी का कारण स्पष्ट करने और जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

## OTS: ऋणियों को राहत, 30 जून तक चुका सकेंगे कर्ज

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार ने भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणियों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता (ओटीएस) योजना 2025-26 की अवधि बढ़ाकर 30 जून 2026 तक कर दी है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं और फसल खराबे से प्रभावित किसानों को राहत देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष अतिवृष्टि तथा हाल में हुई असामयिक बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई, जिसके कारण कई पात्र किसान योजना का लाभ नहीं ले सके थे। अब योजना अवधि बढ़ने से अधिक किसानों को राहत मिल सकेगी। योजना के तहत 1 जुलाई 2024 की स्थिति में बकाया अवधिपार ब्याज, दंडनीय ब्याज और वसूली खर्च में शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। इससे किसान अपने लंबित ऋण खातों का निस्तारण कर पुनः सहकारी ऋण व्यवस्था से जुड़ सकेंगे। दक ने बताया कि 31 मार्च तक 10 हजार 523 ऋणियों ने लगभग 143 करोड़ रुपए जमा करवाकर करीब 190 करोड़ रुपए की राहत प्राप्त की है।

## केंद्रीय सहकारी बैंकों में माइक्रो एटीएम सुविधा जल्द होगी शुरू

बेधड़क | जयपुर

सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में उच्च स्तरीय समिति एवं राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सहकारी बैंकों के वर्ष 2025-26 के बैंकिंग मानकों और उपलब्धियों की समीक्षा की गई। डॉ. शर्मा ने सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को पारदर्शी और मजबूत बनाने के लिए केवाईसी मानकों तथा बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1956 के वैधानिक प्रावधानों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नाबार्ड निरीक्षण में कमजोर 'सी' और 'डी' रेटिंग वाले बैंकों के लिए टर्न अराउंड प्लान बनाकर नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पैक्स कंप्यूटरीकरण, नए बहुउद्देशीय पैक्स गठन और माइक्रो एटीएम सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। डॉ. शर्मा ने 30 जून तक प्रथम चरण की 6,781 पैक्स का पूर्ण कंप्यूटरीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बेधड़क TOON




-शेखर

मोदी के राष्ट्र प्रथम-कर्तव्य सर्वोपरि संदेश पर सियासत तेज

# ये सुझाव नहीं, राष्ट्रहित में हर नागरिक का कर्तव्य: राठौड़

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम - कर्तव्य सर्वोपरि' अभियान और सात आह्वानों को लेकर राजस्थान में राजनीतिक बहस गरमा गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इन आह्वानों को राष्ट्रहित का कर्तव्य बताते हुए जनआंदोलन बनाने की अपील की है, वहीं कांग्रेस ने केंद्र व राज्य सरकार पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है। मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री मोदी के सात संदेशों को केवल सुझाव न बताते हुए प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रहित में कर्तव्य बताया। राठौड़ ने कहा कि वर्तमान वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच यह आह्वान आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने जहां संभव हो वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता देने, अगले एक वर्ष तक अनावश्यक सोना खरीदने से बचने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, मेट्रो व सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने, खाद्य तेल के सीमित उपयोगऔर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री का यह आह्वान केवल आर्थिक मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत, आत्मनिर्भरता और वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करेगा।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़

### जूली ने लगाए संसाधनों की बर्बादी के आरोप



कांग्रेस ने केंद्र और भाजपा सरकार पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि एक तरफ चुनाव जीतने के लिए संसाधनों की बर्बादी की गई। वहीं, अब आम जनता को बचत की नसीहत दी जा रही है। पिछले कई महीनों से हमने देखा कि राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर लगातार उड़ते रहे। अब वही सरकार आम जनता को पेट्रोल-डीजल बचाने की सलाह दे रही है।

### जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही



पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है। सरकार पहले अपने हेलीकॉप्टर, काफिलों और विशाल रैलियों पर होने वाले करोड़ों रुपए के खर्च कम करे। उन्होंने मनरेगा, खाद्य सुरक्षा और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सरकार बोझ जनता पर डाल रही है।

### संयम और जिम्मेदारी जरूरी



भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने वैश्विक परिस्थितियों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत 80 प्रतिशत क्रूड ऑयल आयात करता है। ऐसे में संयम और जिम्मेदारी जरूरी है। राठौड़ ने दावा किया कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 7.4 प्रतिशत विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है।

## डीग: 24 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं की सौगात

बेधड़क | जयपुर/ डीग

राज्य सरकार ने किसानों को राहत देते हुए डीग जिले को करीब 24 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजनाओं की सौगात दी है। ग्राम परमदरा में आयोजित कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान 9 करोड़ 72 लाख रुपए के नए विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी गई। कार्यक्रम में ककड़ा चैनल के जीर्णोद्धार, गुड़गांव कैनाल सिंचाई परियोजना की टेल डिस्ट्रीब्यूटरी और माइनर्स के पुनरुद्धार कार्यों का लोकार्पण किया गया। साथ ही डीग डिस्ट्रीब्यूटरी की दिदावली, परमदरा और डीग सब-माइनर के पुनरुद्धार कार्य का शिलान्यास हुआ। इन परियोजनाओं से 21 गांवों की 4350 हेक्टेयर कृषि भूमि को सीधा लाभ मिलेगा। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि डीग जिले को संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना से जोड़ दिया गया है, जिससे क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई समस्या का स्थायी समाधान होगा। वहीं जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि खोहवाटी क्षेत्र को विकसित नगर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

120 सवाल हूबहू आने के दावे से हिली एजेंसियां... चौतरफा पड़ताल जारी, सीकर-जयपुर में संदिग्धों से पूछताछ

# NEET गेस पेपर कांड: SOG के बाद अब NTA भी अलर्ट मोड पर

बेधड़क | जयपुर




नीट यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ी कथित अनियमितताओं के मामले में सुरक्षा एजेंसियों की जांच तेज हो गई है। कंसल्टेंसी चलाने वाले एक संदिग्ध कॅरिअर काउंसलर पर आरोप है कि उसने केरल से एमबीबीएस कर रहे चूरू के एक मेडिकल छात्र के मोबाइल से टेलीग्राम के जरिए एक गेस पेपर सीकर में अपने मोबाइल पर मंगवाया। बताया जा रहा है कि यह गेस पेपर हाथ से लिखे 410 सवालों का था, जिनमें से नीट परीक्षा में 120 सवाल हूबहू आने का दावा किया जा रहा है। इसी आधार पर जांच एजेंसियां मामले को गंभीर मानते हुए आगे की पड़ताल कर रही हैं।

पुलिस और एसओजी की टीमें पिछले चार दिनों से लगातार छापेमारी कर रही हैं। संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह गेस पेपर कितने कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल संचालकों और विद्यार्थियों तक पहुंचा था।

सूत्रों के अनुसार, एसओजी की टीमें जयपुर और सीकर जिले में अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध युवकों और छात्रों से पूछताछ कर रही हैं। यह जानकारी भी सामने आई है कि गेस पेपर जयपुर की एक प्रिंटिंग प्रेस में छपवाया गया था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इधर, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि वह राजस्थान एसओजी द्वारा की जा रही जांच में पूरा सहयोग कर रही है और परीक्षा से जुड़ा सभी डेटा व तकनीकी सहायता उपलब्ध करा रही है। एनटीए ने कहा कि वह जांच पर किसी प्रकार की पूर्व राय नहीं बनाएगी और न ही संभावित परिणामों पर टिप्पणी करेगी।

### किसी भी अफवाह से परेशान न हों: एनटीए

एनटीए ने नीट यूजी 2026 के अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से परेशान न हों। एजेंसी ने कहा कि अधिकांश ईमानदार उम्मीदवारों की मेहनत पर कोई सवाल नहीं है। एनटीए ने यह भी कहा कि जांच एजेंसियों को अपना काम करने दिया जाए और आवश्यक कदम शिक्षा मंत्रालय से परामर्श के बाद ही उठाए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

### सरकार के लोगों के नाम आ रहे हैं सामने: गहलोत

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पेपर लीक मामले में सरकार से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही। 30-40 लोगों को अवैध हिरासत में रखने की बात कही जा रही है। एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कांग्रेस सरकार को वैसे ही बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

### विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा टूटा: जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि नीट पेपर लीक की खबरों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा तोड़ दिया है। सीकर सहित प्रदेश का नाम सामने आना बेहद चिंताजनक है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर वास्तविक दोषियों को सामने लाया जाना चाहिए।

### एफआईआर दर्ज कर पारदर्शी जांच हो: डोटासरा

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं बेहद गंभीर हैं और छात्रों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। सरकार को तुरंत एफआईआर दर्ज कर पारदर्शी जांच करनी चाहिए। दोषियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि परीक्षा प्रणाली पर जनता का भरोसा कायम रहे और ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

---

## जरूरी खबर

### सचिवालय में पंखा गिरने से महिला घायल

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर शासन सचिवालय में सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गृह विभाग के एक ग्रुप में कार्यरत महिला सेक्शन ऑफिसर (SO) सीमा शर्मा के ऊपर अचानक छत का पंखा गिर पड़ा। हादसे में उनके सिर पर हल्की चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें तुरंत सचिवालय की डिस्पेंसरी ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार सीमा शर्मा अपने सेक्शन में बैठकर कार्य कर रही थीं। इसी दौरान ऊपर लगा पंखा अचानक टूटकर सीधे उनके ऊपर आ गिरा। घटना के बाद वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मियों ने तुरंत उन्हें संभाला और प्राथमिक उपचार के लिए डिस्पेंसरी पहुंचाया। घटना के बाद सचिवालय कर्मचारियों में नाराजगी देखने को मिली। कर्मचारियों का कहना है कि सचिवालय भवन में कई जगह पुराने और जर्जर पंखे लगे हुए हैं, जिनकी लंबे समय से जांच और मरम्मत नहीं हुई है।

### किराए के मकान में महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के मुरलीपुरा इलाके की जीवन दीप कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। शनिवार देर शाम मकान मालिक ने कमरे से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर 30 वर्षीय महिला मृत अवस्था में पड़ी मिली। मकान मालिक के पास मिले मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। पुलिस के अनुसार मृतका टोंक जिले के बरौनी गांव की रहने वाली थी। वह फरवरी माह में अपने पति और दो बच्चों को छोड़कर रामकल्याण गुर्जर के साथ घर से चली गई थी।

---

जल जीवन मिशन घोटाले में ACB का एक्शन

# थाईलैंड से लौटते ही महेश जोशी के करीबी संजय बड़ाया को दबोचा

**960 करोड़ के टेंडर घोटाले और 20 हजार करोड़ के टेंडर प्रीमियम में मिलीभगत के आरोप**

बेधड़क | जयपुर




जल जीवन मिशन में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामले में एसीबी की एसआईटी टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय बड़ाया को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को थाईलैंड यात्रा से लौटने के बाद पूर्व में जारी लुकआउट सर्कुलर के आधार पर दिल्ली एयरपोर्ट पर डिटेन किया गया था, जिसके बाद विशेष टीम उसे एसीबी ब्यूरो मुख्यालय लेकर पहुंची और गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

प्रकरण की जांच में सामने आया है कि मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवैल कंपनी (प्रोपराइटर महेश मित्तल) और मैसर्स श्री श्याम ट्यूबवैल कंपनी (प्रोपराइटर पदमचंद जैन) द्वारा इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के फर्जी कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र तैयार किए गए। आरोप है कि तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी, तत्कालीन एसीएस सुबोध अग्रवाल, मुख्य अभियंता एवं अन्य अधिकारियों और संजय बड़ाया सहित निजी व्यक्तियों की मिलीभगत से इन फर्मों को टेंडर दिलाए गए। इस प्रक्रिया में लगभग 960 करोड़ रुपए के टेंडर हासिल कर भारी वित्तीय अनियमितता की गई। जांच में यह भी सामने आया है कि मेजर प्रोजेक्ट्स (50 करोड़ रुपए से अधिक) की निविदाओं में साइट विजिट प्रमाण-पत्र की शर्त जोड़कर नियमों का उल्लंघन किया गया। इससे बोलीदाताओं की पहचान उजागर होने और टेंडर पूलिंग की स्थिति बनी। इसके परिणामस्वरूप 30 से 40 प्रतिशत तक अधिक प्रीमियम दरों पर टेंडर स्वीकृत किए गए, जिससे राज्य सरकार को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। इस पूरे प्रकरण की जांच एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन व एसआईटी के डीआईजी रामेश्वर सिंह के निर्देशन में गठित टीम कर रही है।

जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि संजय बड़ाया तत्कालीन मंत्री महेश जोशी के करीबी रहे हैं और विभागीय कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका और हस्तक्षेप पाया गया है। ठेकेदारों से नजदीकी संबंध और रिश्वत लेन-देन के भी संकेत मिले हैं। इसके अलावा, ट्रांसफर-पोस्टिंग और विभागीय कार्यों में प्रभाव डालने के एवज में मोटी रकम लेने के आरोप भी जांच में सामने आए हैं।

### जोशी बोले- न्याय की जीत होगी

इस मामले में पूर्व मंत्री महेश जोशी ने कहा कि न्याय की जीत होगी। मेरे पास न तो कुछ छुपाने के लिए है, ना ही बताने के लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एसीबी राजनीतिक दबाव में काम कर रही है और बिना पर्याप्त सबूत के गिरफ्तारी की गई है। संजय बड़ाया के लिए जारी लुकआउट सर्कुलर को भी उन्होंने गलत बताया। जो व्यक्ति न्यायालय की अनुमति से विदेश यात्रा पर गया हो, उसके लिए LOC जारी करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और कानून अपना काम करेगा। सोमवार को पेशी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

### अभी भी तीन आरोपी हैं फरार

इस मामले में पहले ही 12 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें महेश जोशी (पूर्व मंत्री), सुबोध अग्रवाल (सेवानिवृत्त आईएएस), दिनेश गोयल, केडी. गुप्ता, सुभांशु दीक्षित, सुशील शर्मा, निरिल कुमार, विशाल सक्सेना, अरुण श्रीवास्तव, डी. के. गौड़, महेंद्र प्रकाश सोनी और मुकेश पाठक शामिल हैं। वहीं मुकेश गोयल, जितेंद्र शर्मा और संजीव गुप्ता अभी फरार हैं, जिनके खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किए गए हैं।

---

## पीपल का पेड़ बना झुकी बिल्डिंग का सहारा



फोटो: राजेश कुमावत

*रामगंज बाजार स्थित जगन्नाथ शाह के रास्ते में एक पुरानी बिल्डिंग अचानक झुक गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि पुराने भवन की कमजोर नींव के ऊपर नया निर्माण किया जा रहा था, इसी दौरान भवन असंतुलित होकर एक तरफ झुक गया। स्थानीय लोगों के अनुसार बिल्डिंग के पास मौजूद पीपल का पेड़ सहारा बन गया, जिससे भवन गिरने से बच गया और बड़ा हादसा टल गया। प्रशासन द्वारा भवन की तकनीकी जांच कराई जा रही है और आसपास की इमारतों की स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है।*

## नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, 11 केंटर सामान जब्त



बेधड़क | जयपुर

नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार एवं प्राप्त शिकायतों के आधार पर सतर्कता शाखा ने सोमवार को सख्त कार्रवाई की। उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में टीम ने शहर के कई प्रमुख स्थानों पर अस्थायी अतिक्रमण हटवाया और कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान सीबीआई फाटक से खातीपुरा रेलवे स्टेशन के दोनों ओर, नारायण हॉस्पिटल के सामने, रानी सती नगर, अक्षरधाम मंदिर चित्रकूट, गांधीपथ और सेंट्रल स्पाइन सेक्टर-1 विद्याधर नगर सहित कई क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया।

इस अभियान में 11 केंटर सामान जब्त कर नगर निगम गोदाम में भिजवाया गया। साथ ही अस्थायी अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 5 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला गया। उपायुक्त सतर्कता ने मौके पर लोगों को समझाइश देते हुए भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यदि आगे भी नियमों का उल्लंघन हुआ तो भारी चालान और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

म्यूल हंटर अभियान में बड़ा खुलासा

## 5 करोड़ की साइबर ठगी से जुड़ा हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर



साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'म्यूल हंटर' के तहत शिप्रा पथ थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर साइबर ठग अक्षय कुमार मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुहाना थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ अपहरण, मारपीट समेत एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 6 लाख रुपए नकद, 22 चेक बुक, 4 पास बुक, 16 एटीएम कार्ड, 2 मोबाइल फोन और एक हुंडई वेन्यू कार बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद बैंक खातों के खिलाफ साइबर हेल्पलाइन पोर्टल 1930 पर 13 शिकायतें दर्ज हैं। इन खातों के जरिए करीब 5 करोड़ रुपए की साइबर ठगी का लेनदेन किया गया।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी एक संगठित साइबर गिरोह से जुड़ा हुआ है, जो किराए पर बैंक खाते लेकर ठगी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी छात्रों और आर्थिक जरूरतमंद लोगों को पैसों का लालच देकर उनके बैंक खाते, चेक बुक और डेबिट कार्ड हासिल करता था।

जयपुर मेट्रो फेज-2 को बड़ी रफ्तार

## JDA ने मेट्रो डिपो के लिए RMRC को सौंपी 27 हेक्टेयर भूमि

बेधड़क | जयपुर



जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना को सोमवार को बड़ी प्रशासनिक सफलता मिली। जेडीए ने बंबाला पुलिया क्षेत्र में स्थित करीब 27 हेक्टेयर भूमि का कब्जा राजस्थान मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (आरएमआरसी) को सौंप दिया। इस जमीन पर मेट्रो फेज-2 का डिपो विकसित किया जाएगा, जिसे परियोजना का महत्वपूर्ण आधार माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, इस भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया वर्ष 2011 में शुरू की गई थी। लंबे समय तक कानूनी और प्रशासनिक अड़चनों के बाद हाल ही में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने जेडीए के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद अवार्ड राशि जारी कर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं और सोमवार को भूमि का आधिकारिक कब्जा आरएमआरसी को सौंप दिया गया।

भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई सुबह करीब 7 बजे शुरू हुई। मौके पर जेडीए, राजस्थान मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौजूद रही। दिनभर चली प्रक्रिया के बाद पूरी जमीन का कब्जा मेट्रो अधिकारियों को सौंप दिया गया। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, अब इस भूमि की सुरक्षा और सीमांकन का कार्य तत्काल शुरू किया जाएगा। मंगलवार से भूमि की तारबंदी की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है, ताकि भविष्य में किसी तरह का अतिक्रमण नहीं हो सके। साथ ही डिपो निर्माण से जुड़ी प्रारंभिक तकनीकी और विकासात्मक गतिविधियों को भी गति दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि फेज-2 परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए यह डिपो बेहद अहम होगा।

---

ड्राइविंग ट्रेनिंग के नाम पर बड़ा खेल

## बिना प्रशिक्षण बांटे जा रहे Form-5 सर्टिफिकेट

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में भारी वाहन लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रदेश में ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों की आड़ में बिना वास्तविक प्रशिक्षण के ही आवेदकों को Form-5 प्रमाण पत्र जारी किए जाने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि कई स्कूल केवल OTP लेकर सर्टिफिकेट बांट रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार आवेदकों को निर्धारित अवधि तक व्यावहारिक प्रशिक्षण देना अनिवार्य है। प्रदेश में वर्तमान में 331 एक्टिव ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल संचालित हैं, जिनमें करीब 250 स्कूल भारी वाहन प्रशिक्षण देने का दावा कर रहे हैं। पिछले वर्ष लगभग 90 हजार आवेदकों को Form-5 प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस हिसाब से औसतन प्रत्येक स्कूल ने 360 सर्टिफिकेट जारी किए। नियमों के मुताबिक इतने प्रशिक्षण के लिए करीब 4500 ट्रक और बस जैसे ट्रेनिंग वाहनों की आवश्यकता थी, जबकि अधिकांश स्कूलों के पास निर्धारित संख्या में वाहन उपलब्ध ही नहीं हैं। नियम अनुसार प्रत्येक हैवी व्हीकल ट्रेनिंग स्कूल के पास कम से कम 18 प्रशिक्षण वाहन होने चाहिए, लेकिन जांच में कई संस्थानों में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। बीते दिनों जयपुर आरटीओ प्रथम कार्यालय की जांच में भी गड़बड़ी उजागर हुई।

---

कृषि विज्ञान पेपर लीक में SOG का शिकंजा

# पूर्व अधिकारियों तक पहुंची एसओजी की जांच की आंच

- RPSC के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष शिव सिंह से होगी पूछताछ
- शेर सिंह मीणा पांच दिन के रिमांड पर
- कटारा-शेर सिंह से आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ
- करोड़ों की वसूली के सुराग मिलने की उम्मीद

बेधड़क | जयपुर

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) ने प्राध्यापक कृषि विज्ञान भर्ती परीक्षा-2022 पेपर लीक मामले में आरोपी अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा को सोमवार को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है। अब एसओजी बाबूलाल कटारा, शेर सिंह मीणा और विजय डामोर को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी, जिससे पूरे पेपर लीक नेटवर्क और लेन-देन की परतें खुलने की संभावना जताई जा रही है।

जांच के दौरान सामने आई जानकारी के आधार पर एसओजी ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के पूर्व सदस्य एवं कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह राठौड़ को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उनसे उनके कार्यकाल में हुई विभिन्न भर्ती परीक्षाओं और प्रक्रियाओं से जुड़े बिंदुओं पर जानकारी ली जा रही है। एसओजी की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्कूल व्याख्याता (कृषि विज्ञान) भर्ती परीक्षा-2022 का पेपर 60 लाख रुपए में शेर सिंह मीणा को बेचा गया था। आरोप है कि शेर सिंह मीणा ने लीक पेपर की कई प्रतियां तैयार कर विनोद रेवाड़, भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका सहित अन्य सदस्यों को उपलब्ध करवाईं। इनके जरिए परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों तक पेपर पहुंचाया गया और बदले में करोड़ों रुपए की वसूली की गई। इस मामले में विनोद रेवाड़ और भूपेंद्र सारण पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि सुरेश ढाका लंबे समय से फरार चल रहा है। एसओजी का दावा है कि उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



*गिरफ्तार बाबूलाल कटारा, विजय डामोर और अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा।*

### राठौड़ 2016 से 2022 तक रहे सदस्य

डॉ. शिव सिंह राठौड़ 30 जनवरी 2016 से 29 जनवरी 2022 तक RPSC सदस्य रहे। इस दौरान 2 दिसंबर 2021 से 29 जनवरी 2022 तक उन्होंने कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली। उनके बाद 1 फरवरी 2022 से 16 फरवरी 2022 तक स्वर्गीय जसवंत सिंह राठी कार्यवाहक अध्यक्ष रहे। इसके बाद रिटायर्ड आईपीएस संजय कुमार क्षोत्रिय को RPSC अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जो 1 अगस्त 2024 तक इस पद पर रहे। वहीं बाबूलाल कटारा को 15 अक्टूबर 2020 को RPSC सदस्य नियुक्त किया गया था। अप्रैल 2023 में वरिष्ठ शिक्षक (ग्रेड-II) पेपर लीक मामले में गिरफ्तारी तक वे आयोग में सदस्य पद पर कार्यरत रहे।

## जरूरी खबर

### नवविवाहित जोड़े और परिजनों के वकील भिड़े



**अजमेर।** यहां जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुरक्षा की मांग को लेकर पहुंचे एक नवविवाहित जोड़े के कारण हंगामा हो गया। एसपी ऑफिस परिसर में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे दोनों पक्षों के परिजन और वकील पहुंचे थे। इस दौरान दोनों पक्षों के वकीलों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों के परिजनों में भी लात-घूंसे चले। इससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। यह विवाद करीब आधे घंटे तक चला। हंगामे की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी खान मोहम्मद, सीओ शिवम जोशी और सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया।

### भीड़ को उकसाने का मामला: पूर्व मंत्री का भाई अरेस्ट

**झुंझुनूं।** थाने में पथराव और हिंसा करने के मामले में कोर्ट का 8 साल बाद फैसला आया है। इसमें पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के छोटे भाई संजय सिंह उर्फ संजय गुढ़ा को गिरफ्तार किया गया है। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। संजय सिंह के साथ मामले में आरोपी बनाए गए 2 अन्य को भी जेल हुई है। कोर्ट ने गुढ़ा को युवती की किडनैपिंग के मामले में थाने में भीड़ को उकसाने और हिंसा का नेतृत्व करने का दोषी माना है। इसका फैसला 13 अप्रैल को ही आ चुका था।

### 20 लाख की स्मैक पकड़ी, दो तस्कर किए गिरफ्तार



**टोंक।** सदर थाना पुलिस और डीएसटी (जिला स्पेशल टीम) ने करीब 20 लाख की स्मैक के साथ बारां और झालवाड़ के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 96.28 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। आरोपियों के कब्जे से तस्करी में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की बोलेरो कार, दो मोबाइल फोन और 4610 रुपए की नकदी भी बरामद की गई है। डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बारां जिले के छीपाबड़ौद थाना क्षेत्र के कोलुखेड़ा निवासी दिनेश कुमार (35) पुत्र भोलाराम मीना और झालावाड़ जिले के जावर थाना क्षेत्र के अर्जुनपुरा निवासी बोलेरो चालक ओमप्रकाश (40) पुत्र देवलाल मीना के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## निवेशक भूखंड आवंटन के लिए 14 मई तक कर सकेंगे रीको के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन

# 209 हेक्टेयर में विकसित हो रहा आधुनिक टेक्सटाइल पार्क

**बेधड़क** | जयपुर

वस्त्र नगरी भीलवाड़ा के टेक्सटाइल पार्क रूपाहेली में वस्त्र उद्योग स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। रीको द्वारा प्रत्यक्ष आवंटन योजना के दसवें चरण में निवेशकों के लिए 1500 वर्गमीटर से 36,000 वर्गमीटर तक के औद्योगिक भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले निवेशक रीको के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 14 मई, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। जिन निवेशकों ने अब तक एमओयू निष्पादित नहीं किया है वे भी आवेदन की अंतिम तिथि 14 मई तक एमओयू करके योजना में भाग ले सकते हैं। टेक्सटाइल पार्क, रूपाहेली में कॉटन एवं नेचुरल फाइबर, मैन मेड फाइबर, गारमेंट एवं रेडीमेड वस्त्र, टेक्निकल टेक्सटाइल, हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट, वूल प्रोसेसिंग तथा टेक्सटाइल एक्सेसरीज से संबंधित उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।



फाइल फोटो।

### विकास कार्यों के लिए 221 करोड़ रुपए मंजूर

रीको द्वारा यह टेक्सटाइल पार्क भीलवाड़ा जिले की तहसील हुरडा में स्थापित किया गया है, जहां स्पिनिंग, वीविंग, प्रोसेसिंग एवं रेडीमेड गारमेंट इकाइयों को सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लगभग 209 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किए गए इस पार्क में 500 वर्गमीटर से 1,25,000 वर्गमीटर तक के कुल 275 औद्योगिक भूखण्ड नियोजित किए गए हैं। रीको की ओर से रूपाहेली औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 221 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। क्षेत्र में सड़क, पुलिया, बाउंड्रीवॉल सहित आधारभूत ढांचे के विकास कार्य प्रगति पर हैं। विद्युत लाइनों एवं हाईमास्ट लाइट के लिए भी कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। औद्योगिक क्षेत्र की पर्यावरणीय स्वीकृति भी राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण से प्राप्त हो चुकी है, जिससे निवेशकों को उद्योग स्थापना में आसानी होगी।

### निवेशकों को प्रोत्साहन

राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी-2025 के अंतर्गत आने वाली टेक्सटाइल इकाइयां यहां निवेश कर कम लागत में अपना उद्यम स्थापित कर सकती हैं। इस क्षेत्र के उद्यमों को राजस्थान सरकार की टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी-2025 के तहत कई आकर्षक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। इनमें 10 वर्ष तक एसेट क्रिएशन इंसेंटिव, स्टाम्प ड्यूटी एवं इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में छूट, पर्यावरण अनुकूल प्रोजेक्ट्स के लिए ग्रीन सॉल्यूशन इंसेंटिव तथा कर्मचारियों के प्रशिक्षण व्यय का 50 प्रतिशत सरकार द्वारा वहन किया जाना शामिल है। साथ ही एमएसएमई इकाइयों को राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024 के तहत अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त होंगे।

### राज्य बनेगा टेक्सटाइल हब

राजस्थान सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य राज्य को देश का प्रमुख टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग एवं एक्सपोर्ट हब बनाना है। रूपाहेली टेक्सटाइल पार्क में उद्योग स्थापित कर निवेशक सरकारी प्रोत्साहनों का लाभ लेते हुए अधिक मुनाफा और दीर्घकालिक औद्योगिक विकास सुनिश्चित कर सकते हैं।

## कोटा में एक और प्रसूता की मौत

# धरने पर बैठे परिजन, शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार

- जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग
- डीएसपी से कहासुनी

**बेधड़क** | कोटा

कोटा मेडिकल कॉलेज के जेके लोन अस्पताल से एसएसबी में रेफर हुई एक और प्रसूता की रविवार रात मौत हो गई। सोमवार को परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पिंकी को रविवार रात जेके लोन से मेडिकल कॉलेज के न्यू हॉस्पिटल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) में रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पिंकी के परिजन सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार करते हुए एसएसबी ब्लॉक के सामने नवजात को लेकर धरने पर बैठ गए।

परिजनों ने कहा कि जब तक पिंकी की इस हालत के सही कारण सामने नहीं आते। लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक बॉडी नहीं लेंगे। परिजनों का धरना देर शाम तक चल रहा था। वहीं परिजनों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस दौरान परिजनों को धरने से उठाने के लिए मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल शाम को पुलिस के साथ पहुंचे। डीएसपी रूद्रप्रकाश ने लोगों को वहां से धरना खत्म करने के लिए कहा तो लोग उग्र हो गए। परिजनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की डीएसपी रूद्रप्रकाश से कहासुनी हो गई। कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष ने धरना खत्म करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक कलेक्टर यहां नहीं आएंगे, तब तक धरना खत्म नहीं होगा। वहीं दोपहर को एसएसबी के नेफ्रो आईसीयू में भर्ती दो महिलाओं में रिकवरी के बाद आईसीयू से वार्ड में शिफ्ट किया गया है।

कोटा के नए अस्पताल और जेके लोन अस्पताल में महिलाओं की सीजेरियन डिलीवरी के बाद किडनी फेल्योर और चार मौतों के मामले में अभी तक जांच में यह पता नहीं चल सका कि महिलाओं की ये स्थिति क्यों हुई। कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष राखी गौतम ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच की मांग की है।



मृतका के नवजात के साथ धरने पर बैठे परिजन व अन्य लोग।

### जेके लोन की दोनों पेशेंट क्रिटिकल स्थिति में

जेके लोन से एसएसबी ब्लॉक में रेफर होकर आई आरती और एक अन्य की स्थिति अभी भी गंभीर है। जेके लोन अस्पताल के आईसीयू में ही दो और महिलाएं भर्ती हैं, जिनमें ऐसे ही लक्षण हैं। उनकी स्थिति में भी सुधार है। अब तक एक दर्जन से अधिक सिजेरियन मामलों में चार महिलाओं की मौत हो चुकी है।

### प्रमुख चिकित्सा सचिव लेंगी फीडबैक

मामले की समीक्षा के लिए प्रमुख चिकित्सा सचिव गायत्री राठौड़ कोटा जा रही हैं। उनके साथ निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा भी कोटा पहुंचेंगे। प्रमुख चिकित्सा सचिव कोटा पहुंचकर अस्पतालों का निरीक्षण करेंगी तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक लेंगी। इस दौरान अस्पतालों में उपचार व्यवस्था, मरीजों की स्थिति और अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा राज्य स्तर पर गठित जांच कमेटी से भी फीडबैक लिया जाएगा।

### विवाहिता की मौत, परिजनों का हंगामा

**सीकर।** सीकर के एक निजी हॉस्पिटल में रविवार देर रात ऑपरेशन के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। सोमवार को परिजन डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हॉस्पिटल परिसर के बाहर शव के साथ धरने पर बैठ गए। खंडेला विधायक सुभाष मील भी धरने पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से समझाइश का प्रयास किया। पुलिस के मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराने के आश्वासन के बाद परिजन माने। मृतका के परिजनों ने बताया कि शनिवार को रींगस निवासी कविता को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जिसकी रविवार देर रात के ऑपरेशन के बाद मौत हो गई।

## निंबाहेड़ा-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर हादसा

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, तीन युवकों की मौत



गोविंद सिंह।



शेर सिंह।



धर्मराज।

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

निंबाहेड़ा-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों युवक बाइक पर सवार थे, जिन्हें किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस घायलों को निंबाहेड़ा अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन तीनों युवकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। निंबाहेड़ा सदर थाना पुलिस के मुताबिक रविवार रात करीब 3 बजे सूचना मिली कि लक्ष्मीपुरा गांव के पास निंबाहेड़ा-चित्तौड़गढ़ हाईवे किनारे तीन युवक घायल अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से निंबाहेड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान गोविंद सिंह पुत्र शंभू सिंह निवासी आगर (मध्यप्रदेश), शेरसिंह निवासी झालावाड़ और धर्मराज निवासी झालावाड़ के रूप में हुई है। तीनों युवक रंगाई-पुताई का काम करते थे। गोविंद सिंह और शेरसिंह मौसेरे भाई थे। गोविंद की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी और उसकी दो बेटियां हैं। शेरसिंह के एक बेटी है।

### काम से लौटते समय हुआ हादसा

तीनों युवक रविवार रात काम खत्म करने के बाद बाइक से निंबाहेड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान निंबाहेड़ा से करीब 7 किलोमीटर पहले लक्ष्मीपुरा गांव के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

## श्मशान का रास्ता बंद, जताई नाराजगी

# डेड बॉडी लेकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे लोग

**बेधड़क** | दौसा

सिकराय उपखंड क्षेत्र के कालवान गांव स्थित प्रजापतों की ढाणी में एक बुजुर्ग की रविवार रात मौत हो गई। सोमवार को परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव श्मशान ले जा रहे थे, लेकिन रास्ता बंद मिला। इसके बाद ग्रामीण नाराज हो गए और शव लेकर एसडीएम ऑफिस पहुंच गए। एसडीएम नवनीत कुमार के निर्देश पर मानपुर थाना इंचार्ज और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। इसके बाद जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर पुलिस की मौजूदगी में रास्ता खुलवाया और अंतिम संस्कार करवाया गया। थाना इंचार्ज सतीश कुमार ने बताया कि रास्ते का विवाद हाई कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में दूसरे पक्ष से समझाइश के बाद रास्ता खुलवा दिया गया। फिलहाल मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रजापतों की ढाणी निवासी गिरिराज प्रजापत (60) की रविवार रात मौत हो गई थी। वे लंबे समय से बीमार थे। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर श्मशान घाट के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ता बंद मिलने से वे श्मशान स्थल तक नहीं पहुंच सके। इसके कारण अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका। इससे गुस्साए परिजन और ग्रामीण शव को एंबुलेंस में रखकर करीब 3 बजे सिकराय एसडीएम ऑफिस पहुंच गए।



एसडीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## अलवर दौरे पर आए आईजी राहुल प्रकाश ने कहा...

# डिजिटल अरेस्ट नहीं, डराकर कर रहे ठगी

**बेधड़क** | अलवर

जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई स्कैम नहीं होता है, फिर भी लोग अपराधियों के डरावने कॉल्स से घबराकर बड़ी रकम गंवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कॉल आने पर लोगों को तुरंत परिवार, मित्रों और पुलिस से संपर्क करना चाहिए, ताकि साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके। आईजी ने कहा कि यदि साइबर क्राइम में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। पहले भी दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी है। सोमवार को अलवर आए आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि जिले में साइबर क्राइम के खिलाफ लगातार अच्छी कार्रवाई हो रही है। उन्होंने बताया कि जयपुर रेंज में लेन ड्राइव सिस्टम की 90% पालना हो रही है, जिससे दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है। उन्होंने बताया कि अलवर और दौसा में हाइवे मोबाइल यूनिट लगाई जाएगी और एक्सप्रेसवे रेस्ट एरिया में पुलिस चौकियां खोली जाएंगी। रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि पुलिस की ओर से अब सड़कों पर बने ब्लैक स्पॉट पर कार्य किया जा रहा है, इसको लेकर गूगल के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी एक-डेढ़ महीने में गूगल ब्लैक स्पॉट को ऑनबोर्ड कर देगा, जिससे वाहन चालक को समय रहते ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिल सकेगी। यहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध जैसे मुद्दों पर चर्चा की।



पुलिसकर्मियों से बात करते आईजी राहुल प्रकाश।

## सीएम भजनलाल के नेतृत्व में राज्यव्यापी अभियान बना जनसेवा की मिसाल

# पेयजल सुधार कार्यों से दी ग्रामीणों को राहत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा चलाया गया एक दिवसीय विशेष राज्यव्यापी अभियान उल्लेखनीय परिणाम लेकर सामने आया है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) द्वारा रविवार को संचालित इस अभियान ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट के समाधान और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी पहल प्रस्तुत की है। अभियान के दौरान प्रदेशभर में खराब पड़े 384 हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू किया गया, वहीं 245 पाइपलाइन लीकेज को दुरुस्त कर जल आपूर्ति को सुचारू बनाया गया। इसके अतिरिक्त 683 अन्य पेयजल सुधार कार्य भी पूर्ण किए गए। इन कार्यों के परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति अधिक व्यवस्थित और निर्बाध हो सकी, जिससे आमजन को राहत का अनुभव हुआ।

### 1279 शिकायतों का मौके पर ही समाधान

विशेष अभियान के तहत विभागीय तकनीकी टीमों ने सक्रियता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए 1279 शिकायतों का त्वरित निस्तारण मौके पर ही किया। शिकायतों के शीघ्र समाधान से ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखने को मिला और विभाग के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ। यह अभियान केवल औपचारिक प्रशासनिक गतिविधि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जनहित और जनसेवा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को कम करने के उद्देश्य से चलाया गया यह विशेष अभियान ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने की राज्य सरकार की सोच को दर्शाता है।

### ग्रामीण जल प्रबंधन में नई पहल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शुरू किया गया यह अभियान ग्रामीण जल प्रबंधन के क्षेत्र में नई कार्यसंस्कृति और जवाबदेही का परिचायक बनकर सामने आया है। जमीनी निरीक्षण, त्वरित समाधान और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आने वाले समय में प्रदेश के गांवों में पेयजल आपूर्ति और अधिक सुदृढ़, सुचारू एवं विश्वसनीय बन सके।

## सृजन सेवा संस्थान का व्याख्यान कार्यक्रम

# कुमार अजय को सुरजाराम सम्मान

**बेधड़क** | चूरू

सृजन सेवा संस्थान, श्रीगंगानगर की ओर से राजस्थानी के युवा चर्चित कवि-लेखक कुमार अजय को सुरजाराम जालीवाला राजस्थानी सृजन सम्मान प्रदान किया गया है।

रविवार को श्रीगंगानगर मुख्यालय पर नोजगे ऑडिटोरियम में सृजन सेवा संस्थान की ओर से 'कबीरः तब और अब' विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। प्रख्यात विचारक, आलोचक और कथाकार प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित अतिथियों ने कुमार अजय को यह सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल, कैलाश मनहर, मनीषा कुलश्रेष्ठ, शायर जिया टोंकी, शांतिलाल जैन, डॉ. मदन सैनी, सत्यनारायण 'सत्य', मोनिका गौड़, पूनम चौधरी आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नोजगे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस सूदन, सृजन के अध्यक्ष डॉ. अरुण शहैरिया 'ताइर', सचिव कृष्णकुमार आशु, डॉ. संदेश त्यागी, कृष्ण बृहस्पति, अमित तिवारी, मैत्रेय, आरव सहित साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, वकालत, व्यापारिक और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।




कुमार अजय को सम्मान प्रदान करते अतिथि।

### सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पर जयपुर में विशेष आयोजन

# सोमनाथ मंदिर हमारी संस्कृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक: भजनलाल शर्मा

- झाड़खंड महादेव मंदिर में किया पंचामृत अभिषेक
- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में गूंजा सांस्कृतिक गौरव का संदेश
- सोमनाथ अमृत महोत्सव से जुड़े मुख्यमंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रमणों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह मंदिर हर बार और अधिक भव्य रूप में पुनः स्थापित हुआ, जो हमारी संस्कृति की शक्ति और संकल्प का परिचायक है। वे सोमवार को सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में झाड़खंड महादेव मंदिर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में मुख्यमंत्री वीसी के माध्यम से जुड़े और प्रधानमंत्री के संबोधन को भी सुना।




कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा। मंच पर मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, जोगाराम पटेल, जोराराम कुमावत, विधायक गोपाल शर्मा, सांसद राव राजेंद्र सिंह व अन्य।




सोमनाथ मंदिर में पीएम मोदी के कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जुड़े सीएम।

### सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का भव्य पुनर्निर्माण यह संदेश देता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है। हमारी संस्कृति का स्वभाव है कि हम झुकते नहीं, टूटते नहीं, बल्कि हर चुनौती के बाद और अधिक मजबूती से खड़े होते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाकर सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वच्छता, ईमानदारी, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान और राष्ट्रसेवा हमारी समृद्ध विरासत का हिस्सा हैं, जिन्हें आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### पीएम के नेतृत्व में विकास की संकल्पना हो रही साकार

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास भी, विरासत भी की संकल्पना को धरातल पर साकार किया जा रहा है। देशभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के पुनर्विकास से भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिली है। सोमनाथ अमृत महोत्सव इसी निरंतरता का प्रतीक है।

### मुख्यमंत्री ने किया शिव का पंचामृत अभिषेक

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने झाड़खंड महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक और पंचामृत अभिषेक किया। उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, गोपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धार्मिक वातावरण के बीच सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता का संदेश स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।



### महाप्रसादी का आयोजन

## ताड़केश्वरनाथ मंदिर में उमड़ी आस्था



महाप्रसादी पाते श्रद्धालु। फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क** | जयपुर

चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वरनाथ मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मौका था श्री ताड़केश्वर नवयुवक मंडल की ओर से आयोजित नृसिंह लीला एवं वराह लीला महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित 15 हजार भक्तों की महाप्रसादी का। इस अवसर पर सुबह मंदिर में शक्ति व्यास सपत्नीक सहित अन्य भक्तों ने सामूहिक सहस्त्रघट, अभिषेक, हवन व पूजा-अर्चना में भाग लिया। शाम को मंदिर में मोगरे के पुष्पों की झांकी सजाई गई। इसके बाद आम, रबड़ी, दूध के लड्डू, मिर्ची के टिपोरे, पूड़ी सब्जी आदि का भोग लगाया गया। बैंड वादन के साथ श्रृंगार आरती हुई। शाम को पंगत में बैठाकर श्रद्धालुओं को महाप्रसादी ग्रहण कराई गई। कैलाशी नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि मन्दिर के महंत शक्ति व्यास ने अतिथि ज्योतिगुरु विकास महाराज कामाख्या का स्वागत किया और प्रतीक चिह्न भेंट किया। श्रृंगार आरती एवं महाप्रसादी में जनसैलाब उमड़ पड़ा। त्रिपोलिया बाजार और गोपाल जी के रास्ते तक श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही।



ताड़केश्वरनाथ की झांकी।


## आज का पंचांग

- **शुभ वि. सं.:** 2083
- **हिजरी सन:** 1447
- **ऋतु:** ग्रीष्म ऋतु
- **संवत्सर का नाम:** रौद्र
- **मास:** प्रथम ज्येष्ठ (शुद्ध)
- **पक्ष:** कृष्ण
- **शाके संवत:** 1948
- **अयन:** सूर्य उत्तरायण

### आज का दिन

मंगलवार, 12 मई 2026

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज चर का चौघड़िया सुबह 9.04 से 10.44 बजे तक है। बाद में लाभ-अमृत का सुबह 10.44 से दोपहर 2.03 बजे तक, फिर शुभ का चौघड़िया दोपहर 3.42 से 5.22 बजे तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** आज 11.50 से 12.44 बजे तक है।

**तिथि:** दशमी तिथि दोपहर 2.53 बजे तक है। इसके बाद एकादशी तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** उत्तर दिशा में रहेगा।

**चन्द्रमा:** आज चन्द्रमा कुंभ राशि में शाम 7.25 बजे तक, फिर मीन राशि में रहेगा।

**राहु काल:** आज दोपहर 3.00 से शाम 4.30 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र रात 1.17 बजे तक, फिर उत्तराभाद्रपद नक्षत्र रहेगा।

**योग:** वैधृति योग रात 11.19 बजे तक, फिर विष्कुम्भ योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

भद्रा दोपहर 2.53 बजे तक पृथ्वीलोक की अशुभ, पंचक, वैधृति पुण्यं, अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस, कुमार योग रात 1.17 बजे तक, सर्वार्थ सिद्धि योग रात 1.17 बजे से सूर्योदय तक।

-पं. अवधेश शर्मा

## धूमधाम से मनाया गया पंचकल्याणक महोत्सव



**बेधड़क** | जयपुर

मुहाना मंडी रोड स्थित प्लेटिनम ग्रीन्स सोसाइटी के नवनिर्मित श्री पदम प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में छह दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को धूमधाम से समापन हुआ। आयोजन आचार्य सुन्दर सागर महाराज और आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ की उपस्थिति और भट्टारक अरिहंत कीर्ति के निर्देशन में हुआ। प्रतिष्ठाचार्य पं. मनोज जैन शास्त्री के मार्गदर्शन में विविध धार्मिक संस्कार किए गए। सुबह जिनाभिषेक और पूजा के बाद मोक्ष कल्याणक के अवसर पर भगवान पदमप्रभु का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। विश्व शांति महायज्ञ में मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद धर्म प्रभावना यात्रा निकाली गई, जिसमें केसरिया वस्त्रधारी श्रावक जिनबिम्बों को लेकर शामिल हुए। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर नवीन वेदियों में भगवान पदमप्रभु सहित आदिनाथ, शांतिनाथ, महावीर स्वामी, बाहुबली और सिद्ध भगवान की प्रतिमाएं विराजमान की गई। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, मंत्री विशाल जैन मुल्तान, कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघल और सुनील जैन लोहेवाला सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ को विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करें

# अमरापुर स्थान से उठी मांग, नैतिक मूल्यों की पाठशाला बनें विद्यालय

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के एमआई रोड स्थित अमरापुर स्थान में इन दिनों चर्चा सिर्फ पूजा-पाठ की नहीं बल्कि, आने वाली पीढ़ी के भविष्य की है। सिंधी समाज के संतों और प्रतिनिधियों ने मिलकर यह मांग उठाई है कि संत सतगुरु स्वामी टेऊंराम महाराज की ओर से रचित श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ को विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। उनका कहना है कि जीवन जीने की दिशा दिखाने वाला यह धार्मिक ग्रंथ स्कूली विद्यार्थियों की कक्षा तक पहुंचना चाहिए। देश और विदेश के 105 आश्रमों ने इस पहल को समर्थन दिया है। जयपुर के संत मनोहर लाल स्वामी, संत मोहन प्रकाश स्वामी, अजमेर के संत स्वामी राम प्रकाश, कोटा के संत नवीन व संत श्याम लाल महाराज तथा अहमदाबाद के संत लक्ष्मण दास महाराज सहित कई संतों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा है। उनका मानना है कि विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति से जोड़ने का यह प्रभावी माध्यम बन सकता है।




### बच्चों को नैतिक शिक्षा भी मिलनी चाहिए

समाज प्रतिनिधि तुलसी संगतानी का कहना है कि सिलेबस में शामिल करने की मांग को शिक्षा और संस्कारों के संदर्भ में भी देखा जा रहा। आज जब शिक्षा व्यवस्था में अंक और प्रतियोगिता का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे समय में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि, जीवन मूल्यों की शिक्षा भी मिलनी चाहिए। इसी संदर्भ में श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग जायज है।

### प्रेम प्रकाश आध्यात्मिक ग्रंथ

श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ लगभग 300 पृष्ठों का विस्तृत आध्यात्मिक ग्रंथ है, जिसमें दोहे, पद, छंद, भजन और श्लोक शामिल हैं। इसमें जीवन के आदर्श मूल्यों को सरल भाषा में समझाया गया है। संतों का कहना है कि इसमें सेवा, प्रेम, भाईचारा, सद्भाव और सत्य जैसे मूल्यों का संदेश है, जो आज के समय में और भी आवश्यक हो गया है। संतों ने बताया कि स्वामी टेऊंराम महाराज ने मानव सेवा और एकता का संदेश दिया। उनके अनुयायियों ने राजस्थान सहित कई राज्यों में आश्रम स्थापित कर समाज सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाया। जयपुर का अमरापुर स्थान आज भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है।

### शहर में आज

- जिन बिम्बों का मंत्रोच्चार के साथ महामस्तकाभिषेक श्री पद्मप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर मुहाना मण्डी में सुबह 6 बजे
- अनसंग हीरोज सम्मान समारोह की बैठक होटल लॉर्ड प्लाजा में दोपहर 3 बजे
- अष्टयाम सेवा महोत्सव सरस निकुंज पानों का दरीबा सुभाष चौक में सुबह 6 बजे

### उपाधि

#### गोविंद देवजी कल धारण करेंगे लाल सूती पोशाक

**बेधड़क,जयपुर।** ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष में अपरा एकादशी का व्रत 13 मई को श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर में ठाकुरजी को लाल सूती पोशाक धारण कराई जाएगी। ऋतु पुष्पों और गोचारण लीला के आभूषणों से विशेष श्रृंगार होगा। राजभोग झांकी में जल विहार का आयोजन किया जाएगा।

## ठाकुरजी की सजाई मनोहारी झांकी

**बेधड़क** | जयपुर

आमेर स्थित कनक घाटी के राधा माधव मंदिर में गौरांग महाप्रभु के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ठाकुर जी को जल विहार करवाया गया। इस अवसर पर मंदिर में ठाकुरजी की आकर्षक एवं मनोहारी झांकियां सजाई गई।

महोत्सव में महंत अंजन कुमार गोस्वामी की उपस्थिति में नित्यानंद महाप्रभु, गौरांग महाप्रभु और गोविंद देवजी के विग्रहों की विशेष झांकियां प्रस्तुत की गई। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और पुष्पों से अलंकृत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। राधा माधव मंदिर, गोविंद देवजी मंदिर का मातहत मंदिर माना जाता है और धार्मिक दृष्टि से इसका विशेष महत्व है।



## ठाकुरजी को करवाया नौका विहार

**बेधड़क** | जयपुर

सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित शुक सम्प्रदाय की आचार्य पीठ सरस निकुंज में ठाकुर राधा सरस बिहारी जू सरकार का अष्टयाम सेवा महोत्सव चल रहा है। पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज की उपस्थिति में सोमवार को उत्थापन, जलकेली, नौका विहार, बसंत होली और डोल उत्सव मनाया गया। सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि सुबह ठाकुर राधा सरस बिहारी जू का अभिषेक करने के बाद सुंदर पोशाक धारण कराई गई। ठाकुर जी को नौका विहार करवाया। बसंत होली के अवसर पर भक्तों ने उत्सव मनाया। डोल उत्सव में ठाकुरजी को डोल में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भजन-कीर्तन और सेवा कार्य निरंतर चलते रहे।



### तीन दिन चलेगा सजीव नृसिंह-वराह लीला का आध्यात्मिक उत्सव

# नृसिंह मंदिर का तीन दिवसीय पाटोत्सव आज से

- कोलकाता के रंग-बिरंगे फूलों से सजेगा नृसिंह मंदिर परिसर

**बेधड़क** | जयपुर

चांदपोल बाजार स्थित नींदड़ राव जी का रास्ता स्थित नृसिंह मंदिर अग्रवाल पंचायत समिति का तीन दिवसीय पाटोत्सव 12 से 14 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मंदिर अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल और मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल ने बताया कि 12 मई को शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक सजीव नृसिंह लीला का आयोजन होगा। 13 मई को शाम 7 बजे वराह लीला प्रस्तुत की जाएगी। 14 मई को भगवान का पाटोत्सव मनाया जाएगा। दोनों प्रमुख कार्यक्रमों से पूर्व हनुमान जी की जीवंत झांकी निकाली जाएगी।



### हवन, अभिषेक व महाआरती के बाद होगा भंडारा

झांकी जयकारों के साथ मंदिर से रवाना होकर चांदपोल बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए निज मंदिर पहुंचेगी। मार्ग में रंगीन आतिशबाजी की जाएगी। चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्रजी मंदिर, हनुमानजी मंदिर और सतगुरु मंदिर के बाहर भगवान की आरती कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। समाजसेवी और स्थानीय निवासी जगह-जगह स्टॉल लगाकर शर्बत, शिकंजी, आमरस और आइसक्रीम का वितरण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में हवन, अभिषेक, महाआरती और भंडारे का आयोजन भी होगा। मंदिर परिसर को कोलकाता से मंगाए गए रंग-बिरंगे फूलों और बांदरवाल से सजाया जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री जुगल अग्रवाल और कार्यक्रम संयोजक राधा गोविंद अग्रवाल तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

### षोडश मातृका और दस दिग्पाल की होगी पूजा

पाटोत्सव के दौरान मंदिर महंत पं. मनमोहन शर्मा के सान्निध्य में भगवान नृसिंह सहित सभी विग्रहों का अभिषेक और पूजन होगा। श्रद्धालु गणेश-गौरी, कलश, वास्तु पुरुष, षोडश मातृका और दस दिग्पाल की पूजा करेंगे। भगवान का पंचामृत, फल, सर्वौषधि और सुगंधित द्रव्यों से वेद मंत्रों के साथ अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद नवीन पोशाक धारण कराकर फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। यज्ञ में विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की जाएंगी। इस अवसर पर संत, महंत, जनप्रतिनिधि, व्यापार मंडलों के पदाधिकारी और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## सिंधु दर्शन तीर्थयात्रा के लिए पंजीयन आज तक

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय सिंधु सभा राजस्थान की ओर से लेह-लद्दाख में आयोजित होने वाली सिंधु दर्शन तीर्थयात्रा 2026 के लिए पंजीयन किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी मूलचन्द बसंताणी ने बताया कि इच्छुक तीर्थयात्री 12 मई तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। यह यात्रा 5 से 8 जून तक लेह-लद्दाख के लिए होगी। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों को 31 मई तक जम्मू पहुंचना होगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता करनी होगी। इसके बाद 1 जून से यात्रा श्रीनगर और कारगिल होते हुए 4 जून की शाम लेह पहुंचेगी। 5 से 8 जून तक सिंधु नदी के किनारे घाट पर पूजा-अर्चना, बहिराणा साहिब, छेज नृत्य और विभिन्न राज्यों के दलों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। यात्रा 9 जून को लेह से प्रस्थान कर मनाली होते हुए 12 जून को चंडीगढ़ में संपन्न होगी। सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर देवस्थान विभाग की योजना 2016 में संशोधन की मांग की है। उनका कहना है कि वर्तमान पात्रता शर्तों के कारण कई इच्छुक तीर्थयात्री लाभ नहीं ले पा रहे हैं। प्रदेश संरक्षक मोहनलाल वाधवाणी, सुरेश कटारिया, प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर मोरवाणी, प्रदेशाध्यक्ष मातृशक्ति शोभा बसंताणी सहित पदाधिकारियों ने तीर्थयात्रियों के लिए प्रति यात्रा 20 हजार रुपए सहयोग राशि की मांग की है।

## आत्मनिर्भरता, संयम और स्वदेशी को बढ़ावा देने का समय

# वैश्विक संकट के दौर में दूरगामी सोच का परिणाम है प्रधानमंत्री की अपील



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ऐसा नहीं है कि भारत विदेशी मुद्रा के मामलों में संकट में हो, बल्कि वास्तविकता तो यह है कि 10 अप्रैल, 2026 के आंकड़ों की ही बात करें तो भारत का विदेशी मुद्रा भंडार आज उच्चतम स्तर पर है। 700 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार भारत के पास है। एक मोटे अनुमान के अनुसार आगामी 11 माह से अधिक समय तक आयात मांग की पूर्ति इस राशि से आसानी से हो सकती है। विदेशी मुद्रा भंडार में एफसीए यानी विदेशी मुद्रा संपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित राशि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। पर इसके बावजूद भविष्य के संभावित संकट के हालातों से निपटने की आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाती हैं, तो यही दूरदृष्टि कहलाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भविष्य के वैश्विक हालात साफ दिखाई दे रहे हैं। हालातों में सुधार की संभावना निकट भविष्य में दिखाई भी नहीं दे रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवल एक वर्ष के लिए अनावश्यक खर्चों में कटौती का आग्रह देशवासियों से किया है। इसमें ईंधन बचाना, सोना नहीं खरीदना, विदेशी यात्राएं व विदेशों में शादी नहीं करना, खाने के तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत तक की कटौती व खेती में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक की कटौती करने का सुझाव प्रमुख है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशवासियों से आग्रह को लेकर आलोचक भले ही मुद्दा बनाने का प्रयास करें, पर वैश्विक हालात आज सबके सामने हैं। देशवासियों को मालूम है कि पेट्रोलियम उत्पादों, जिनमें कच्चे तेल से लेकर गैस आदि शामिल हैं, के लिए आयात पर निर्भरता अधिक है। देश में 979 अरब अमेरिकी डॉलर का सालाना आयात होता है, जिसमें से करीब 38 प्रतिशत आयात केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर ही हो रहा है। सोना-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ ही फर्टिलाइजरों के मामलों में भी विदेशों पर निर्भरता अधिक है। करीब 10 प्रतिशत राशि सोने के आयात पर खर्च होती है। यदि समग्र रूप से देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के सिकन्दराबाद से देशवासियों से जो आग्रह किया है, वह ऐसा नहीं है जो किसी भी तरह से देशवासियों के लिए दुविधाजनक हो।

> “ वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है, तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की ओर भी ध्यान चला जाता है। अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध में सीजफायर के आसार अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं, तो दूसरी ओर दोनों ही देशों की हठधर्मिता के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से परिवहन बाधित होने का परिणाम दुनिया के देशों के सामने है। ”

वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है, तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की ओर भी ध्यान चला जाता है। अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध में सीजफायर के आसार अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं, तो दूसरी ओर दोनों ही देशों की हठधर्मिता के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से परिवहन बाधित होने का परिणाम दुनिया के देशों के सामने है।



*इसी तरह से केवल शान-ओ-शौकत के लिए विदेश यात्राएं करने से बचने की सलाह और विदेशों में शादी करने के स्थान पर स्थानीय पर्यटन और देश में ही एक से एक बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशंस पर शादी करने से जहां खर्च कम होगा, वहीं देश के डेस्टिनेशनों की वैश्विक पहचान के साथ ही विदेशी पूंजी भी बचेगी। इसी तरह से रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से खेती और खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने से आज देश दो-चार हो रहा है। जैविक खाद और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने का आग्रह निश्चित रूप से सकारात्मक ही है।*

दुनिया के देशों को यह समझ लेना होगा कि अमेरिका-ईरान युद्ध केवल दो या तीन देशों के बीच युद्ध तक सीमित न होकर, इसके असर से आज कोई देश दूर-दूर तक अछूता नहीं दिखाई दे रहा है। यह दो देशों की अहम की लड़ाई न होकर समूची मानवता को प्रभावित करने वाले हालात हैं। आज दुनिया के देशों की एक-दूसरे पर निर्भरता बढ़ी है। बिना किसी अन्य देश के सहयोग के कोई भी देश अपने स्तर पर अपने देशवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। आर्थिक उदारीकरण के बाद से आज विश्व, विश्वग्राम में परिवर्तित हो गया है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आज अमेरिका-इजराइल और ईरान संकट का हल निकल भी आता है, तब भी वैश्विक हालात सामान्य होने में लंबा समय लग जाएगा। युद्धरत देश यह समझने की कोशिश नहीं कर रहे कि उनके अहम के चलते दुनिया आज सालों पीछे जा रही है। विकास बाधित हो रहा है, आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते ही जा रहे हैं। आज सबको मालूम है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते रास्ता अवरुद्ध होने के कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात प्रभावित हो रहा है। होर्मुज का रास्ता अवरुद्ध है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि ईरान को प्रतिदिन 2800 करोड़ रुपए के कच्चे तेल को समुद्र में बहाना पड़ रहा है। तेल उत्पादक अन्य देश भी संकट के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी लाने, सार्वजनिक परिवहन वाहनों के उपयोग और वाहन पूलिंग का एक साल का सुझाव या आग्रह दूरदृष्टिपूर्ण व देशहित में ही माना जाना चाहिए। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना भविष्य के पर्यावरण संकट से बचाव और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में सहायक हो सकेगा। इसी तरह से हमारे देश में सोने की खरीद के प्रति खास मोह रहा है, पर हालातों को देखते हुए व्यापक राष्ट्रहित में एक साल के लिए सोना नहीं खरीदा जाए तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

इसी तरह से केवल शान-ओ-शौकत के लिए विदेश यात्राएं करने से बचने की सलाह और विदेशों में शादी करने के स्थान पर स्थानीय पर्यटन और देश में ही एक से एक बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशंस पर शादी करने से जहां खर्च कम होगा, वहीं देश के डेस्टिनेशनों की वैश्विक पहचान के साथ ही विदेशी पूंजी भी बचेगी। इसी तरह से रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से खेती और खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने से आज देश दो-चार हो रहा है। जैविक खाद और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने का आग्रह निश्चित रूप से सकारात्मक ही है। जहां तक मीटिंग्स का प्रश्न है, कोविड के बाद से सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर अधिकांश मीटिंग्स अब हाइब्रिड मोड पर ही होने लगी हैं। वर्क फ्रॉम होम को अवश्य प्रोत्साहित किया जा सकता है।

लब्बोलुआब यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो देशवासियों से आग्रह किया है, उनमें से एक भी ऐसा आग्रह नहीं है जिससे हमारी दैनिक जीवनचर्या प्रभावित हो रही हो। एक भी ऐसा बिंदु नहीं है, जिससे आमजन प्रभावित हो रहा हो। सीधे-सीधे एक साल के लिए अपनी आदतों व आवश्यकताओं में जरूरी बदलाव के लिए कहा जा रहा है, ताकि वैश्विक संकट का असर देश की अर्थव्यवस्था व देश के आम लोगों को प्रभावित ही न कर सके। एक साल सोना नहीं खरीदने या ईवी वाहन या सार्वजनिक वाहन का उपयोग करने, विदेशों में शादी आदि कार्यक्रम आयोजित न करने या विदेश घूमने नहीं जाने से कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला है। इसलिए इन सबसे बचने से देश वैश्विक हालातों का अधिक कुशलता से मुकाबला कर सकेगा और सबसे बड़ी बात कि स्वदेशी को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए आलोचना-प्रत्यालोचना से ऊपर उठना होगा। यह देश नेता की एक आवाज पर आगे आने वाला देश है। कोविड का समय और स्व. लाल बहादुर शास्त्री के एक दिन के उपवास का आग्रह इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## जोधपुर स्थापना दिवस आज

**कविता**



गोपाल कृष्ण व्यास
पूर्व अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग

### म्हारो जोधाणो...

*अपणायत रो डंको बाजे,
आ शान है राजस्थान री,
सगळा लोगां रे हिवड़े रैवे,
आ धरती मारवाड़ री।*

*कुरजां मुदरी-मुदरी गावे,
राग सुणावे भैरवी,
सब लोगां ने आशीष देवे,
अवनी ईण जोधाणा री।*

*शीश माथै मां चामुंडा विराजे,
ध्वजा उड़े गुमान री,
घणे मान सूं शीश झुकावे,
आ अचला मारवाड़ री।*

*खेतां में सब करसा भाई,
हल खड़े हैं मोकळा,
सब तिरसां री तिरस मिटावे,
आ उर्वी मारवाड़ री।*

*मेहरानगढ़ रो किल्लो लूंठो,
सगळाने घणो सुहावै है,
दरसण होवे जद किल्ले रा,
हिवड़ो हरखावै है।*

*छितर पैलेस री छटा देख,
हिवड़ो घणो हरख रयो,
जोधाणा री वसुधा माथै,
नोपत ने ढोल बाज रयो।*

*राव जोधा घणे मान सूं,
मारवाड़ थारो थरप दियो,
शीश कट्यो पण झुक्यो नहीं,
ईण धरा रो मान बढ़ायो।*

*मारवाड़ रो जायो जन्म्यो,
प्रीत मन सूं राखै है,
तस्वीर देख ने किल्ले री,
आंसूड़ा ढळकावै है।*

*घणे मोद सूं अरज करूं,
आ बात बड़े सम्मान री,
आ रैसो नहीं, ओ स्वर्ग है,
आ धरती मारवाड़ री,
आ धरती मारवाड़ री।*

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
75 वर्ष पहले जब पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा हुई, तब भारत ने एक नई यात्रा शुरू की। आज यह यात्रा और अधिक व्यापक स्वरूप में हमारे सामने है, जिसे हमें नई ऊंचाई पर लेकर जाना है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@BhajanlalBjp
'जन संवाद' से जन कल्याण!
अजमेर की कड़ेल ग्राम पंचायत में आयोजित 'ग्राम विकास चौपाल' के माध्यम से ग्रामीण भाई-बहनों से सीधा संवाद किया। उनकी समस्याओं को सुना और विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। हमारी सरकार का संकल्प है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे। गांव खुशहाल होगा, तभी राजस्थान समृद्ध होगा।



**डॉ. प्रेम चंद बैरवा,** उपमुख्यमंत्री राजस्थान
@DrPremBairwa
प्रदेश सरकार के "ग्राम रथ अभियान" के अंतर्गत आज दूदू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पालू एवं मोखमपुरा के बीच में सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के साथ प्रातःकालीन चाय पर आत्मीय भेंट एवं संवाद किया।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

## इंडो-पैसिफिक रणनीति को मजबूती देने वाली ऐतिहासिक परियोजना

# ग्रेट निकोबार: हिंद महासागर में भारत की नई सामरिक ताकत



कर्नल देव आनंद लोहामरोड़
सुरक्षा विशेषज्ञ

ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की सबसे महत्वाकांक्षी और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक पहलों में से एक है। यह केवल एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि भारत की व्यापक समुद्री, आर्थिक और भू-राजनीतिक रणनीति का प्रतीक है। ऐसे समय में जब वैश्विक शक्ति संतुलन समुद्री व्यापार मार्गों और रणनीतिक समुद्री गलियारों के इर्द-गिर्द केंद्रित हो रहा है, तब भारत का अपने द्वीपीय क्षेत्रों की ओर बढ़ता ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी छोर पर स्थित ग्रेट निकोबार द्वीप विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित है। इस मार्ग से होकर वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। यही कारण है कि भारत इस क्षेत्र को एक सामरिक समुद्री और आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करना चाहता है।

परियोजना का प्रमुख उद्देश्य भारत की इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सामरिक उपस्थिति को मजबूत करना और विदेशी ट्रांसशिपमेंट बंदरगाहों पर निर्भरता कम करना है। वर्तमान में भारत का बड़ा समुद्री कार्गो कोलंबो, सिंगापुर और पोर्ट क्लांग जैसे विदेशी बंदरगाहों के माध्यम से संचालित होता है। इससे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ सामरिक जोखिम भी उत्पन्न होते हैं। ग्रेट निकोबार में विश्वस्तरीय ट्रांसशिपमेंट हब विकसित कर भारत अपनी समुद्री आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण मजबूत करना चाहता है। इस परियोजना के तहत 14.2 मिलियन टीईयू क्षमता वाला अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल प्रस्तावित है। पूर्व-पश्चिम अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्ग के निकट होने के कारण ग्रेट निकोबार भविष्य में एक बड़े लॉजिस्टिक्स और समुद्री व्यापार केंद्र के रूप में उभर सकता है। इससे शिपिंग लागत कम होगी, व्यापारिक दक्षता बढ़ेगी और वैश्विक व्यापार नेटवर्क में भारत की भूमिका मजबूत होगी।

परियोजना में लगभग 4000 पीक आवर यात्रियों की क्षमता वाला ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी शामिल है। इसका उद्देश्य नागरिक संपर्क बढ़ाने के साथ-साथ सामरिक क्षमता को मजबूत करना भी है। द्वीपीय क्षेत्रों में विकसित अवसंरचना अक्सर नागरिक और सैन्य दोनों उद्देश्यों की पूर्ति करती है। बेहतर हवाई संपर्क से लॉजिस्टिक्स, आपदा प्रबंधन, निगरानी क्षमता और हिंद महासागर क्षेत्र में त्वरित सैन्य तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। इसके अतिरिक्त 450 एमवीए क्षमता वाला गैस-सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट भी प्रस्तावित है। वर्तमान में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में बिजली उत्पादन का प्रमुख स्रोत डीजल जनरेटर हैं, जो महंगे और पर्यावरणीय दृष्टि से चुनौतीपूर्ण हैं। गैस और सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक टिकाऊ ऊर्जा संरचना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इन सभी योजनाओं के साथ एक आधुनिक नियोजित टाउनशिप विकसित करने का भी प्रस्ताव है, जो प्रशासनिक ढांचे, लॉजिस्टिक्स सेवाओं और भविष्य की जनसंख्या आवश्यकताओं को समर्थन प्रदान करेगी। बंदरगाह, हवाई अड्डा, ऊर्जा प्रणाली और शहरी विकास को मिलाकर ग्रेट निकोबार को एक एकीकृत समुद्री और आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है।

कई दशकों तक भारत के द्वीपीय क्षेत्र अपनी सामरिक महत्ता के बावजूद अपेक्षाकृत उपेक्षित रहे। भारत की सुरक्षा नीति मुख्यतः उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर केंद्रित रही, लेकिन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा और हिंद महासागर में चीन की सक्रियता ने समुद्री सुरक्षा के महत्व को नई दिशा दी है। आज समुद्री मार्ग, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क वैश्विक प्रभाव के प्रमुख साधन बन चुके हैं। ऐसे में ग्रेट निकोबार भारत के लिए एक अग्रिम सामरिक चौकी के रूप में उभर रहा है। इस परियोजना का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारत की एकमात्र एकीकृत त्रि-सेवा सैन्य कमान स्थित है। आधुनिक अवसंरचना के विकास से लॉजिस्टिक्स क्षमता, समुद्री निगरानी और परिचालन दक्षता को मजबूती मिलेगी। भविष्य में किसी भी भू-राजनीतिक संकट की स्थिति में समुद्री संचार मार्गों की सुरक्षा अत्यंत निर्णायक होगी और मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित होने के कारण ग्रेट निकोबार भारत को महत्वपूर्ण सामरिक बढ़त प्रदान करता है।

हालांकि परियोजना को लेकर पर्यावरणीय चिंताएं भी सामने आई हैं। ग्रेट निकोबार घने उष्णकटिबंधीय जंगलों, मैंग्रोव और जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्र है। इन चिंताओं को ध्यान में रखते हुए परियोजना को पर्यावरणीय नियामकीय ढांचे के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। वन्यजीव संरक्षण, तटीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और प्रतिपूरक वनीकरण से जुड़े कई प्रावधान इसमें शामिल किए गए हैं।

इसके अलावा शॉम्पेन और निकोबारी जैसे आदिवासी समुदायों के हितों को भी परियोजना में महत्व दिया गया है। परियोजना के अनुसार किसी भी जनजातीय समुदाय के विस्थापन का प्रस्ताव नहीं है। यदि इन प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो यह विकास और जनजातीय संरक्षण के संतुलन का महत्वपूर्ण उदाहरण बन सकता है। आर्थिक दृष्टि से यह परियोजना रोजगार सृजन, समुद्री उद्योगों, पर्यटन और क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा दे सकती है। दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ बेहतर संपर्क भारत की एक्ट ईस्ट नीति को भी मजबूती देगा। अंततः ग्रेट निकोबार परियोजना केवल एक अवसंरचना योजना नहीं, बल्कि 21वीं सदी की समुद्री भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप भारत की सामरिक सोच में परिवर्तन का प्रतीक है। यदि इसे दूरदर्शिता, पर्यावरणीय संतुलन और मजबूत संस्थागत प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जाता है, तो यह आने वाले दशकों में भारत की समुद्री शक्ति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## मध्यप्रदेश को 'चीता स्टेट' की पहचान मिली: सीएम मोहन यादव

# कूनो में दो और चीते खुले जंगल में छोड़े गए

एजेंसी | श्योपुर

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को कहा कि राज्य में चीता पुनर्स्थापन परियोजना लगातार सफलता की ओर बढ़ रही है और आज मध्यप्रदेश को देशभर में 'चीता स्टेट' के रूप में पहचान मिली है। यादव ने सोमवार को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बोत्सवाना से लाए गए दो चीतों को पृथकवास (क्वारंटीन) अवधि पूरी होने के बाद खुले जंगल में छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कूनो नदी के किनारे स्थित क्षेत्र में सीसीवी-2 और सीसीवी-3 पहचान संख्या वाली मादा चीताओं को जंगल में छोड़ा। प्रोजेक्ट चीता के तहत अब तक 17 चीतों को कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में छोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने चीतों को अपनाकर उन्हें अपने परिवार का हिस्सा बना लिया है। दोनों चीतों को जंगल में छोड़ने के बाद मुख्यमंत्री ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण भी किया। एक अधिकारी ने बताया कि इससे 'प्रोजेक्ट चीता' को नई गति मिलेगी और भारत के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ेगा। उन्होंने बताया कि 'प्रोजेक्ट चीता' का उद्देश्य राज्य में विलुप्तप्राय चीता प्रजाति को पुनर्स्थापित करना है।

### देश में चीतों की संख्या 57 हुई

एक अधिकारी ने बताया कि फरवरी में बोत्सवाना से कूनो लाए गए नौ चीतों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ढालने के लिए छोटे बाड़ों में रखा गया था। इनमें छह मादा और तीन नर शामिल हैं। अब उनकी पृथकवास अवधि पूरी हो चुकी है। इन चीतों के आने के बाद भारत में चीतों की कुल संख्या, जिनमें देश में जन्मे शावक भी शामिल हैं, बढ़कर 57 हो गई है। यह 'प्रोजेक्ट चीता' का तीसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय चरण है। इससे पहले 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से आठ चीते भारत लाए गए थे, जबकि वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते कूनो पहुंचे थे।




## उमर अब्दुल्ला की गृह मंत्री शाह से मुलाकात



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने केंद्र शासित प्रदेश से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा कि वह जम्मू और कश्मीर से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, काश गृह मंत्री से एक ही मुलाकात में हमें राज्य का दर्जा मिल जाता। अगर ऐसा होता तो हमें बहुत पहले ही मिल गया होता। लेकिन हां, मैं बैठक में जम्मू-कश्मीर से संबंधित राज्य के दर्जे और अन्य मुद्दे जरूर उठाऊंगा।

## सड़क हादसे में तेलुगु अभिनेता भरत कांत की मौत



**हैदराबाद।** हैदराबाद के निकट एक कार की ट्रक से टक्कर होने से एक तेलुगु अभिनेता सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह दुर्घटना 10 मई को आउटर रिंग रोड (ओआरआर) पर हुई। कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई, जिससे अभिनेता भरत कांत (31) और एक कैमरामैन (31) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले से हैदराबाद लौट रहे थे।

## प. बंगाल: पांच मंत्रियों को विभागों का आवंटन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को अपनी मंत्रिपरिषद के पांच सदस्यों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया। एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष को पशु संसाधन विकास और कृषि विपणन के साथ-साथ पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग का प्रभार दिया गया है। अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग और नगरपालिका मामलों का प्रभार दिया गया है, जबकि अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग सौंपे गए। खुदीराम टुडू को जनजातीय विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण और अल्पसंख्यक मामलों तथा मदरसा शिक्षा विभाग का मंत्री बनाया गया। निसिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास विभाग के साथ-साथ युवा एवं खेल विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई।

## SIR मामला: 31 सीटों पर जीत के अंतर को लेकर उठाया सवाल

# SC ने दी ममता बनर्जी को नई याचिका दायर करने की अनुमति

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य व्यक्ति अपने इन दावों के संबंध में नई याचिकाएं दायर कर सकते हैं कि राज्य में हाल में हुए चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान हटाए (डिलीट किए) गए वोटों की तुलना में कम रहा।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी की। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने कोर्ट से कहा कि 31 सीट पर जीत का अंतर 'डिलीट' किए गए मतों के मुकाबले कम रहा। कल्याण बनर्जी ने न्यायाधीश बागची की पहले की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि यदि जीत का अंतर एसआईआर के दौरान हटाए गए नामों की संख्या से कम होता है, तो शीर्ष अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। उनकी इन दलीलों का पीठ ने संज्ञान लिया। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने बनर्जी की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में उचित उपाय चुनाव याचिका दायर करना है। नायडू ने कहा कि एसआईआर और मतदाता सूचियों की समीक्षा के दौरान मतदाताओं के नाम जोड़ने या हटाने से संबंधित अपीलों के मामलों में निर्वाचन आयोग को जवाबदेह ठहराया जा सकता है।

शुरुआत में बनर्जी ने जीत के अंतर पर न्यायाधीश बागची की पिछली टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा, मेरे एक उम्मीदवार को 862 वोट से हार का सामना करना पड़ा और दिलचस्प बात यह है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के दौरान 5,500 मतदाताओं के नाम हटाए गए थे। उन्होंने दावा किया कि 31 सीट ऐसी हैं, जहां जीत का अंतर हटाए गए वोटों की तुलना में कम रहा। न्यायाधीश बागची ने कहा,परिणामों के बारे में आप जो कहना चाहते हैं, उसके लिए स्वतंत्र अंतरिम आवेदन दायर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग यदि कह रहा है कि चुनाव याचिका ही इसका समाधान है तो यह आयोग के जवाबी हलफनामे में प्रतिक्रिया के रूप में शामिल किया जा सकता है। पीठ राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है। राज्य की 294-सदस्यीय विधानसभा के लिए हाल में संपन्न हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 207 सीट जीतीं, जबकि तृणमूल को 80 सीट पर जीत मिली। चुनाव में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।




### न्यायिक अधिकारियों के 'घेराव' की जांच 2 माह में पूरी करे NIA

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक अप्रैल को हुई हिंसा की जांच दो महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। इस हिंसा में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखा था।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एनआईए को जांच पूरी करने के बाद सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय के समक्ष अपनी रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। पीठ ने पूछा, जांच की क्या स्थिति है? क्या यह पूरी हो चुकी है?

एनआईए की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि वह विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि एनआईए को जल्द से जल्द जांच पूरी करने दें, संभव हो तो दो महीने के भीतर। पीठ ने टिप्पणी की, आप अपना आरोप-पत्र दाखिल करें। कानून अपना काम करेगा। न्यायालय ने 24 अप्रैल को एनआईए को मामले की जांच पूरी होने पर आरोप-पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी।

## 40 करोड़ मतदाताओं की होगी पड़ताल

# जल्द शुरू होगा SIR का तीसरा चरण



एजेंसी | नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण को शुरू करने जा रहा है। इसके तहत शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जा सकता है, जिनमें लगभग 40 करोड़ मतदाता शामिल हैं।

पिछले महीने केरल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के कारण आयोग ने इसे लागू करने में देरी की। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगामी दिनों में एसआईआर को लागू किया जा सकता है।

अब तक 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया हो चुकी है। ये राज्य हैं उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, गुजरात, मध्यप्रदेश, गोवा और बिहार। असम में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण किया गया। लगभग 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ के नाम मतदाता सूची की पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत शामिल किए जा चुके हैं। शेष करीब 40 करोड़ मतदाताओं को प्रस्तावित प्रक्रिया के तहत 17 राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल किया जाएगा।

एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने पर, सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इसके दायरे में आ जाएंगे। आयोग ने 19 फरवरी को दिल्ली सहित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एसआईआर से संबंधित तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने को कहा था, क्योंकि यह प्रक्रिया ''अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद थी।

## केंद्र सरकार ने बंबई हाई कोर्ट से कहा

# अग्निवीरों व नियमित सैनिकों के बीच पेंशन लाभों में समानता नहीं हो सकती

एजेंसी | मुंबई

केंद्र सरकार ने बंबई हाई कोर्ट को सूचित किया है कि अग्निवीरों का दर्जा नियमित सैनिकों के समान नहीं है, लिहाजा युद्ध या सैन्य अभियान के दौरान उनकी मृत्यु होने पर उनके परिजन पेंशन लाभों में समानता का दावा नहीं कर सकते।

केंद्र सरकार ने जान गंवाने वाले एक अग्निवीर मुरली नाइक की मां ज्योतिबा नाइक की याचिका के खिलाफ पिछले सप्ताह दायर एक हलफनामे में दलील दी कि यह असमानता संवैधानिक रूप से वैध है, क्योंकि अग्निपथ योजना वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई एक अल्पकालिक भर्ती योजना है।



पिछले वर्ष मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से हुई गोलीबारी के दौरान अग्निवीर मुरली नाइक की मृत्यु हो गई थी। उनकी मां की याचिका में मुरली की मृत्यु होने के बाद नियमित सैनिकों के समान लाभ देने की मांग की गई है।

## तुलजाभवानी मंदिर के पास 253 किलो सोना

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में स्थित तुलजाभवानी मंदिर के पास इस वर्ष 31 मार्च तक की स्थिति के अनुसार 253 किलो सोना और 4,614 किलो चांदी है। तुलजाभवानी मंदिर ट्रस्ट ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में ट्रस्ट को 16.49 किलो सोना और 260.66 किलो चांदी प्राप्त हुई। 2024-25 में दान की गई मात्रा बढ़कर 17.62 किलो सोना और 255.99 किलो चांदी हो गई।

## CM मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह भाजपा में शामिल



*__चंडीगढ़।__ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह मान सोमवार को यहां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए। सैनी और भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने यहां ज्ञान सिंह मान का पार्टी में स्वागत किया।*

## विदेश मंत्री जयशंकर और त्रिनिदाद-टोबैगो की पीएम कमला प्रसाद ने किया उद्घाटन

# त्रिनिदाद और टोबैगो को सौगात... जयपुर फुट का स्थायी केंद्र शुरू

बेधड़क | पोर्ट ऑफ स्पेन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के साथ मिलकर यहां एक स्थायी कृत्रिम अंग केंद्र का उद्घाटन किया। ज्ञात रहे 'जयपुर फुट' कृत्रिम अंग अभियान है, जिसने दुनिया भर में दिव्यांगों को दोबारा चलने-फिरने में मदद की है। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री बिसेसर ने जयपुर फुट USA की जमकर सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस संगठन ने इस केंद्र का वादा किया और वादा निभाया।

विदेश मंत्री जयशंकर ने मानवता के प्रति जयपुर फुट के असाधारण योगदान और कृत्रिम अंग के क्षेत्र में इसके विश्वव्यापी प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा, जयपुर फुट ने दुनिया भर में अपना नाम रोशन किया है। पिछले कुछ वर्षों में लाखों-लाख, शायद करोड़ों लोगों को इससे लाभ पहुंचा है। त्रिनिदाद और टोबैगो के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. लैक्रम बोडो ने इस बात की प्रशंसा की कि कैसे यह संगठन त्रिनिदाद और टोबैगो के साथ-साथ पूरे कैरिबियन क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में उम्मीद, गतिशीलता और गरिमा वापस लाया है। उन्होंने जयपुर फुट यूएसए की भी सराहना की।

जयपुर फुट USA के उपाध्यक्ष तथा त्रिनिदाद और टोबैगो में स्थायी जयपुर फुट केंद्र के मुख्य समन्वयक, अजय पटेल, अपने साथी संस्थापक सदस्यों अमित अलाघ और अमेरिका स्थित त्रिनिदाद के डॉ. सोना रामदथ जूनियर के साथ इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।



*जयपुर फुट यूएसए के वाइस प्रेसिडेंट एवं त्रिनिदाद एवं टोबैगो स्थायी जयपुर फुट केंद्र के मुख्य समन्वयक अजय पटेल त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को सम्मान पट्टिका भेंट करते हुए। इस अवसर पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. लकराम बोडोए, भारत के उच्चायुक्त डॉ. प्रदीप सिंह राजपुरोहित तथा जयपुर फुट केंद्र के संस्थापक सदस्य अमित अलघ और डॉ. सोना रामदाथ जूनियर भी उपस्थित रहे।*



*त्रिनिदाद व टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से जयपुर फुट यूएसए के वाइस प्रेसिडेंट अजय पटेल का परिचय करवाते हुए।*

### 800 लोगों को प्रदान किए थे कृत्रिम अंग

केंद्र की स्थापना की घोषणा के एक सप्ताह के भीतर, 3 अक्टूबर 2025 को पोर्ट ऑफ स्पेन में 50 दिवसीय जयपुर फुट शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर BMVSS द्वारा आयोजित किया गया था। इस शिविर के दौरान 800 से अधिक दिव्यांगजनों को जयपुर फुट कृत्रिम अंग प्रदान किए गए।

### रिकॉर्ड समय में योजना बनी हकीकत

जयपुर फुट USA के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने कहा कि रिकॉर्ड समय में त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर की सरकार तथा मंत्रालयों के मजबूत सहयोग से यह सपना हकीकत बन गया है। यह स्थायी केंद्र न केवल गतिशीलता वापस लाएगा, बल्कि पूरे कैरिबियन क्षेत्र के दिव्यांग व्यक्तियों को गरिमा और उम्मीद भी प्रदान करेगा। भंडारी ने कहा कि सितंबर में न्यूयॉर्क में त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री, कमला प्रसाद बिसेसर के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन का उत्सव भी मनाया गया। इसकी मुख्य विशेषता प्रधानमंत्री बिसेसर द्वारा "विकसित भारत" टी-शर्ट का अनावरण रही। इसी मौके पर जयपुर फुट USA के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने अपने संबोधन में त्रिनिदाद और टोबैगो में एक स्थायी जयपुर फुट केंद्र की स्थापना की घोषणा की थी। गौरतलब है कि भंडारी की घोषणा के महज आठ महीनों के भीतर ही, यह सपना हकीकत बन गया।

**क्या है जयपुर फुट USA:** जयपुर फुट USA दिव्यांगों की सेवा में रत दुनिया के सबसे बड़े NGO भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (BMVSS) का एक सहयोगी संगठन है।

## राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंत्री समूह की बैठक, कहा- शांत रहें... किसी भी घबराहट से बचें

# 60 दिन के कच्चे तेल... 45 दिन की LPG का स्टॉक

■ देश का विदेशी मुद्रा भंडार 703 अरब डॉलर

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच भारत ने आपूर्ति शृंखलाओं की सुरक्षा और निर्बाध ऊर्जा प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए ठोस उपाय लागू किए हैं। उन्होंने लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने का आग्रह किया। सिंह पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रखने के लिए गठित अनौपचारिक मंत्री समूह (आईजीओएम) की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार बैठक में बताया गया कि देश सुरक्षित है और किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद की कोई कमी नहीं है, जबकि अधिकांश अन्य देशों ने घरेलू ईंधन की खपत को नाटकीय रूप से कम करने के लिए आपातकालीन उपाय किए हैं। भारत के पास 60 दिनों के लिए कच्चे तेल, 60 दिनों के लिए प्राकृतिक गैस और 45 दिनों के लिए एलपीजी का स्टॉक है। विदेशी मुद्रा भंडार 703 अरब अमेरिकी डॉलर के आरामदायक स्तर पर है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (केंद्र में) नई दिल्ली मंत्रियों के अंतर-मंत्रालयी समूह की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, हरदीप सिंह पुरी, के. राम मोहन नायडू, किरेन रिजिजू भी मौजूद थे।

### सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता पर जोर

सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार वैश्विक अस्थिरता को संतुलित करने के लिए समुद्री सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को पीएम मोदी की अपील को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया, जिसमें भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने के प्रयासों के तहत ईंधन की खपत में कटौती करना शामिल था। बैठक में रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और बंदरगाह एवं जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पेट्रोलियम पदार्थों का 150 देशों को निर्यात

मंत्रालय ने कहा, भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल शोधक और पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है, जो 150 से अधिक देशों को निर्यात करता है और घरेलू मांग को पूरा कर रहा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें बहुत अधिक स्तर पर बनी रहने के कारण देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

### हिमाचल: कार खाई में गिरी, छह लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चंबा जिले के ककीरा में सोमवार तड़के एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से गुजरात के पांच पर्यटकों सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि 10 लोगों को लेकर जा रही एक 'टोयोटा इनोवा' कार मनाली से डलहौजी की ओर जा रही थी, तभी लाहड़ू-तुन्नुहट्टी मार्ग पर यह हादसा हुआ। वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार, कार के खाई में गिरने के बाद उसके परखच्चे उड़ गए और मलबा चारों ओर बिखर गया। बचाव दल को घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल स्थानांतरित किया गया।

### ईरान के साथ युद्धविराम नाजुक स्थिति में: ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम 'बेहद कमजोर और नाजुक' स्थिति में है। ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध पर उसके शांति प्रस्ताव को एक दिन पहले पूरी तरह से अस्वीकार्य बताते हुए खारिज कर दिया था।ट्रंप ने राष्ट्रपति के कार्यालय में पत्रकारों से कहा, उन्होंने जो बकवास (शांति प्रस्ताव) हमें भेजी, उसे पढ़ने के बाद तो यह गंभीर नाजुक स्थिति में है। ट्रंप ने कहा, उन्हें लगता है कि मैं इससे थक जाऊंगा या ऊब जाऊंगा या मुझ पर कुछ दबाव आ जाएगा, लेकिन कोई दबाव नहीं है। हमें पूरी जीत मिलेगी।

### फ्रांसीसी और अमेरिकी यात्री हंता वायरस से संक्रमित

**द हेग।** एक क्रूज जहाज से सुरक्षित निकाली गई एक फ्रांसीसी महिला 'हंता वायरस' से संक्रमित पाई गई है। फ्रांस की स्वास्थ्य मंत्री स्टेफनी रिस्ट ने सोमवार को बताया कि अस्पताल में रात भर महिला की स्थिति नाजुक बनी रही। यह महिला उन पांच फ्रांसीसी यात्रियों में शामिल थी, जिन्हें रविवार को 'एमवी होंडियस' क्रूज जहाज से निकालकर विमान द्वारा वापस पेरिस लाया गया था। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जहाज से सुरक्षित निकाले गए और नेब्रास्का भेजे गए 17 अमेरिकी यात्रियों में से एक व्यक्ति हंता वायरस से संक्रमित पाया गया है। एक अन्य यात्री में हल्के लक्षण पाए गए हैं। यह विमान सोमवार सुबह अमेरिका पहुंचा।

## प्रधानमंत्री ने वडोदरा में किया सरदार धाम हॉस्टल का उद्घाटन

# देश नागरिकों के बूते प. एशिया संकट से भी पार पा लेगा: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के वेरावल में सोमनाथ मंदिर के पास एक रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए।

एजेंसी | वडोदरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया का संकट इस दशक में सबसे गंभीर संकटों में से एक है। हमने जिस तरह कोविड-19 महामारी से पार पाया था, वैसे ही हम इससे भी बाहर निकल आएंगे। भारत को वैश्विक सप्लाई चेन का एक बड़ा हिस्सा बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है, ताकि देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके। पीएम मोदी वडोदरा में पटेल समुदाय द्वारा निर्मित "सरदार धाम हॉस्टल" का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि देश ने जब भी युद्ध या बड़े संकट का सामना किया, तब नागरिकों ने हमेशा अपनी जिम्मेदारी निभाई। आज भी हमें ऐसा ही करना होगा। भारत तेल और एलपीजी के लिए पश्चिम एशिया पर काफी निर्भर है, इसलिए आयात कम करना और विदेशी मुद्रा के अनावश्यक खर्च से बचना जरूरी है। मोदी ने कहा, हमें आयातित उत्पादों के उपयोग को कम करने और उन व्यक्तिगत गतिविधियों से बचने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए, जिनमें विदेशी मुद्रा खर्च होती है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि जहां संभव हो वहां घर से काम करने की कोविड-कालीन व्यवस्था को अपनाएं और विदेश यात्रा को भी सीमित करें। हमें एकजुट होकर ये छोटे-छोटे कदम उठाने होंगे ताकि बाहरी खतरों से हमारे देश की प्रगति बाधित नहीं हो।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य लोगों की उपस्थिति में वडोदरा में सरदार धाम हॉस्टल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए।

### वडोदरा और सोमनाथ में रोड शो में उमड़े लोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात गुजरात के वडोदरा जिले में एक रोड शो किया, जिसके साथ ही राज्य की उनकी दो दिवसीय यात्रा का समापन हुआ। इससे पहले सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लेने से पूर्व गिर सोमनाथ जिले में रोड शो किया। वडोदरा में प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए गदा सर्किल से हवाई अड्डे तक लगभग 1.5 किलोमीटर के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग जमा हुए, जिनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी और भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा भी शामिल थे। मार्ग के दोनों ओर खड़े लोगों ने तिरंगा, ऑपरेशन सिंदूर और भाजपा के कमल चिह्न से संबंधित बैनर दिखाए तथा 'मोदी मोदी' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए। पूरा मार्ग सजावटी रोशनी से जगमगा रहा था और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग भर दिया। बंगाली समुदाय से कलाकारों ने पूरे मार्ग पर प्रस्तुतियां दीं, वहीं रोड शो के दौरान गुजराती गरबा नृत्य भी देखने को मिला। इससे पहले गिर सोमनाथ जिले में हैलीपेड से प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पास वीर हमीरजी सर्किल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए लोग कतार में खड़े थे।

## वैष्णव ने कहा- आईटी क्षेत्र में बड़े बदलाव की आवश्यकता

# AI नौकरियों में होगी 20% की वृद्धि

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि आईटी उद्योग के कई क्षेत्रों में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित नौकरियों की मांग 15 से 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

वैष्णव ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आईटी उद्योग निकाय नैसकॉम के साथ साझेदारी करें ताकि देश के प्रतिभाशाली लोगों को प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए तैयार किया जा सके।

वैष्णव ने कहा, आईटी उद्योग के कई क्षेत्रों में अभी बदलाव की आवश्यकता होगी, लेकिन एआई से संबंधित नौकरियों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर के मामले में 2047 तक कर छूट देने के बाद, इस क्षेत्र में निवेश में भारी उछाल आया है। डेटा सेंटर अर्थव्यवस्था में लगभग 200 अरब डॉलर का निवेश आ रहा है।

### युद्ध जल्दी थमने के आसार नहीं

वैष्णव ने कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के जल्द थमने के आसार नहीं दिखने की वजह से नागरिकों से विदेशी मुद्रा भंडार को बचाकर रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा, हम नागरिकों के रूप में अपने जीवन और कामकाज में ऐसे उपाय पहचान सकते हैं, जिनसे विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। साथ ही हमें विदेशी मुद्रा अर्जित करने के प्रयास भी बढ़ाने चाहिए।

### विजय ने की स्टालिन से भेंट



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसफ विजय (बाएं) ने सोमवार को चेन्नई में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से भेंट की। इस मौके पर सीएम विजय को सम्मानित करते स्टालिन।

## सीजेआई सूर्यकांत ने की बड़ी डिजिटल पहल 'एक मामला, एक डेटा' की घोषणा

# सभी अदालतों का डेटा एक जगह होगा उपलब्ध

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने न्यायिक डेटा एकीकरण को मजबूत करने और देश भर की अदालती सेवाओं तक जनता की पहुंच में सुधार लाने के उद्देश्य से सोमवार को एक बड़ी डिजिटल पहल की घोषणा की। न्यायालय की कार्यवाही शुरू होते ही न्यायाधीश सूर्यकांत ने घोषणा की कि न्यायपालिका 'एक मामला, एक डेटा' (वन केस, वन डेटा) पहल शुरू कर रही है जो सभी उच्च न्यायालयों, जिला अदालतों और तालुका अदालतों से बहुस्तरीय जानकारी को एक एकीकृत प्रणाली में संघटित करेगी। उन्होंने कहा कि हम एक कुशल केस प्रबंधन प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से न्यायिक सूचनाओं का व्यापक और परस्पर जुड़ा हुआ डाटाबेस तैयार होगा, जिससे मामलों की निगरानी, प्रबंधन और सूचना तक पहुंच आसान होगी।



### 'सु सहाय' AI चैटबॉट की शुरुआत

प्रधान न्यायाधीश ने 'सु सहाय' नामक एक कृत्रिम मेधा-संचालित सहायता चैटबॉट की शुरुआत की भी घोषणा की, जिसे उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के साथ एकीकृत किया गया है ताकि वादियों के लिए न्याय और अदालत से संबंधित सेवाओं तक पहुंच को सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस चैटबॉट को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री के सहयोग से विकसित किया है। सीजेआई ने कहा कि यह नागरिकों को उच्चतम न्यायालय की आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने के लिए बुनियादी दिशानिर्देश और मार्गदर्शन प्राप्त करने के वास्ते एक सरल और सुविधाजनक 'इंटरफेस' प्रदान करेगा। उन्होंने डिजिटल पहलों को सहयोग देने में रजिस्ट्री के अधिकारियों और बार के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।




### मुख्यमंत्री की कुर्सी: एक अनार, सौ बीमार!

### 'केरल की मलाई और दिल्ली की ढिठाई'!

केरल विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद कांग्रेस के भीतर मुख्यमंत्री पद को लेकर घमासान मचा है। दिल्ली के गलियारों में चर्चा है कि 'हाईकमान' जिसे चुनना चाहता है, उसे राज्य के क्षत्रप घास नहीं डाल रहे। बीजेपी मजे लेते हुए कह रही है कि 'दूल्हा तय नहीं और बारात लड़ पड़ी है'। उधर सूत्र बताते हैं कि एक बड़े नेता ने तो गोपनीय तरीके से अपने नए बंगले का पेंट भी पसंद कर लिया है पर कुर्सी है कि अभी भी रेस में दौड़ रही है!



### तमिलनाडु का नया 'खिचड़ी' गठबंधन!

### 'दुश्मन का दुश्मन... अपना 'गठबंधन'?'

तमिलनाडु में DMK और AIADMK के एक होने की चर्चाओं ने सबको चौंका दिया। हालांकि इसे अफवाह बताया है, लेकिन सियासी गलियारों में खबर है कि विजय (TVK) की बढ़ती ताकत ने पुराने दिग्गजों की नींद उड़ा दी है। लोग कह रहे हैं कि 'थलापति' का जलवा देखकर अब पुराने दुश्मन एक-दूसरे को 'गुड मॉर्निंग' मैसेज भेजने लगे हैं! क्या अम्मा और करुणानिधि की विरासतें एक मंच पर आएंगी? अब यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा!

### 'थलापति' विजय का स्टालिन से मिलना: दोस्ती या डर?

### 'साहब' का सिनेमाई अंदाज, स्टालिन के घर 'मिठाई' का राज!

तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री 'थलापति' विजय (TVK) ने सोमवार को एम.के. स्टालिन के घर जाकर सबको चौंका दिया! राजनीतिक पंडित कह रहे हैं कि ये सिर्फ 'शिष्टाचार' नहीं है। चर्चा है कि विजय को प्रशासनिक बारीकियां सीखने के लिए 'स्टालिन गुरु' की जरूरत है। वहीं, द्रमुक के कैडर परेशान हैं कि कहीं उनकी पार्टी 'बी-टीम' न बन जाए। चेन्नई के पोएस गार्डन में चर्चा है कि विजय की नजर अब 'सुदूर लक्ष्य' पर है जिसके लिए वे द्रविड़ दिग्गजों को साध रहे हैं! वैसे राजनीतिक प्रेक्षकों को विजय का यह शिष्टाचार अच्छा लगा!



### आस्था, शक्ति और विजय का संगम!

### 'सोमनाथ से संकल्प: विजय का शंखनाद या सांस्कृतिक पुनरुत्थान?'

आज सोमनाथ की पवित्र धरती पर प्रधानमंत्री मोदी का 1.5 किलोमीटर लंबा रोड-शो केवल एक शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना को जगाने का एक और 'मास्टरस्ट्रोक' नजर आया। चर्चा है कि जहां विपक्ष अभी भी हार के कारणों को टटोल रहा है, वहीं मोदी ने 2027 और उससे आगे के 'अमृत काल' के लक्ष्यों की नींव रख दी है। सबसे ज्यादा चर्चा उस दृश्य की है जहां गुजरात की धरती पर बंगाल के लोक डांसर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। राजनीतिक पंडित इसे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के जीवंत उदाहरण के रूप में देख रहे हैं। लोग कह रहे हैं- "यह जश्न बंगाल जीतने का नहीं बल्कि पूरे भारत के दिल को एक सूत्र में पिरोने का है!"



### कांग्रेस में शीर्ष नेताओं की 'चुनावी पिकनिक' पर सवाल!

### 'मैदान से सेनापति नदारद, सिपाही किसके भरोसे लड़ें जंग?'

असम के चुनावी रण में जो करारी शिकस्त हुई है, उसके बाद अब सहयोगियों का सब्र जवाब दे रहा है। कांग्रेस के अंदरूनी क्षेत्रों में यह तीखा सवाल तैर रहा है कि जब असम की तपती जमीन पर पसीना बहाने की बारी थी, तब पार्टी के 'शीर्ष चेहरे' आखिर कहां पिकनिक मना रहे थे? सहयोगी दलों के नेता दबी जुबान में नहीं बल्कि अब तो खुलकर कह रहे हैं कि चुनाव के वक्त जिन 'स्टार चेहरों' को मोर्चे पर होना चाहिए था, वे सिर्फ चुनावी रैलियों में 'गेस्ट अपीयरेंस' देकर निकल लिए। चर्चा है कि इस गैरमौजूदगी ने कार्यकर्ताओं का मनोबल पूरी तरह तोड़ दिया। गलियारों में लोग चुटकी ले रहे हैं- "जब युद्ध के बीच में ही सेनापति छुट्टियां मनाने निकल जाएं, तो सिपाही किसके भरोसे तलवार चलाएंगे भला?" तो अब क्या बताएं भाईसाहब, अन्नू भाई की भाषा में कहें तो 'पहिचान तो गए हुईयो?'



■ संकलन: संदीप मिश्रा

### तर्किश विमान में आग लगी, सभी यात्री सुरक्षित

**काठमांडू।** नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय तर्किश एयरलाइंस के एक विमान में आग लग गई। इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन घटना के बाद हवाई अड्डा का परिचालन करीब दो घंटे के लिए बंद करना पड़ा। विमान में 277 यात्री और चालक दल के 11 सदस्य सवार थे और सभी सुरक्षित हैं।

## खेल हलचल

### NCC अकादमी की विजयी शुरुआत



**जयपुर।** अंडर-17 नेशनल कप के उद्घाटन मैच में एन.सी.सी. (NCC) क्रिकेट अकादमी ने तारीक क्रिकेट अकादमी को 3 विकेट से हराया। तारीक क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 37.2 ओवरों में 180 रनों पर सिमट गई। चेतन मीणा ने सर्वाधिक 83 रन बनाए। हुनैद और अमित कुमार ने 21-21 रनों का योगदान दिया। समीर गोरा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, वहीं अंजनी कुमार शर्मा ने 3 विकेट लिए। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी NCC क्रिकेट अकादमी ने 37.5 ओवरों में 7 विकेट पर जीत हासिल की। रवि कश्यप (43 रन), भवानी (41 रन) और ध्रुव गुर्जर (31 रन) की पारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वात्सल्य सैनी ने दो विकेट लिए।

### सोक्रेट्स हाउस बना विजेता



**जयपुर।** मालवीय नगर स्थित ज्ञान विहार स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंटर हाउस बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हुआ। छात्रा वर्ग का फाइनल मुकाबला सोक्रेट्स हाउस और गांधी हाउस के मध्य खेला गया। वहीं, छात्र वर्ग के फाइनल में सोक्रेट्स हाउस और जोरोस्टर हाउस की टीमें आमने-सामने रहीं। स्पोर्ट्स विभाग के विपुल भारद्वाज और प्रियल शर्मा ने बताया कि अंकों और श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर सोक्रेट्स हाउस ने ओवरऑल विजेता का गौरव प्राप्त किया। टूर्नामेंट में कनिका शर्मा, वंश अग्रवाल, नक्ष, हर्षित, अक्षत और इशित ने अपने बेहतरीन खेल कौशल और प्रतिभा से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के प्राचार्य ऋत्विज गौड़ ने विजेताओं को बधाई दी।

### आर्यन स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी जीती



**जयपुर।** अंडर-16 समर कप के एक रोमांचक मुकाबले में आर्यन स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी ने RR क्रिकेट अकादमी को 100 रनों के भारी अंतर से हरा दिया। आर्यन स्पोर्ट्स ने 36.1 ओवर में 235 रन बनाए। सनी ने 54 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि अंकित शर्मा ने 25 और इंद्रजीत गोरा ने 23 रन जोड़े। अपूर्व ने 3, जबकि सिद्धांत और प्रीतम ने 2-2 विकेट लिए। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी RR क्रिकेट अकादमी की टीम संघर्ष करती नजर आई और 34 ओवर में मात्र 135 रनों पर ढेर हो गई। सिद्धांत (33 रन) और प्रीतम सैनी (32 रन) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सका। विहान अग्रवाल ने 2 विकेट चटकाए।

## आईपीएल: दिल्ली ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

# नबी के छक्के से जीती दिल्ली



**एजेंसी** | धर्मशाला

कप्तान अक्षर पटेल के शानदार 56 और डेविड मिलर के 51 रन और दोनों के बीच पांचवें विकेट की साझेदारी में बनाए 64 रनों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में सोमवार को यहां पंजाब किंग्स को तीन विकेट से पराजित किया। यह पंजाब की लगातार चौथी हार है। दिल्ली अब पांच जीत और सात हार के बाद 10 अंकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई है। उसे अभी भी सारे मैच जीतने होंगे। पंजाब की टीम लगातार चौथी हार के बाद 11 मैच में 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है।

पंजाब के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 33 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद अक्षर (56 रन, 30 गेंद, आठ चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (51 रन, 28 गेंद, तीन चौके, चार छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 64 रन की साझेदारी से 19 ओवर में सात विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की।

अक्षर और मिलर के पवेलियन लौटने के बाद आशुतोष शर्मा (10 गेंद में 24 रन, दो छक्के, दो चौके) और माधव तिवारी (आठ गेंद में नाबाद 18, एक छक्का, दो चौके) ने टीम को जीत दिलाई। आकिब नबी ने दो गेंद में नाबाद 10 रन बनाए। दिल्ली को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 68 रन की जरूरत थी।

मिलर पर यानसेन पर चौका और छक्का जड़ा। उन्होंने ड्वारशुइस की गेंद पर लगातार दो छक्के के साथ 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद पर विकेटकीपर प्रभसिमरन के हाथों लपके गए।

### कोनोली के डायरेक्ट हिट से स्टब्स आउट

दिल्ली कैपिटल्स की खराब रनिंग के कारण एक और बड़ा विकेट गिर गया। ट्रिस्टन स्टब्स रन लेने के लिए काफी आगे निकल चुके थे, लेकिन अक्षर पटेल ने उन्हें वापस भेज दिया। तभी कूपर कोनोली ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए गेंद उठाकर नॉन-स्ट्राइकर एंड पर सीधा थ्रो मार दिया। स्टब्स 17 गेंदों में 12 रन बनाकर रन आउट हो गए।

### पंजाब ने पावरप्ले में 72 रन बनाए

पंजाब किंग्स ने पावरप्ले में धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए बिना विकेट खोए 72 रन बना दिए। प्रियांश आर्या ने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर आक्रामक शुरुआत की और टीम ने पहले ओवर से 22 रन बटोरे। पंजाब ने सिर्फ 2.4 ओवर में 50 रन पूरे कर लिए। हालांकि आकिब नबी ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए एक ओवर में 8 और अगले में सिर्फ 2 रन दिए। वहीं, प्रियांश ने 24 गेंदों में अपनी तेज फिफ्टी भी पूरी की।

### प्रभसिमरन व आर्य ने जोड़े 78 रन

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स को प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़े। प्रियांश ने 33 गेंदों में छह छक्कों और दो चौकों की मदद से 56 रन बनाए।

### श्रेयस व कोनोली में 83 रन की साझेदारी

इसके बाद श्रेयस अय्यर ने कूपर कोनोली (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 83 रन की अहम साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अय्यर ने 36 गेंदों में तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए।

### मेनन आईसीसी के एलीट अंपायर पैनल में एकमात्र भारतीय

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को अपनी वार्षिक समीक्षा के बाद 2026-27 अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए मैच अधिकारियों के पैनल में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे नितिन मेनन एलीट पैनल अंपायरों की सूची में एकमात्र भारतीय बने हुए हैं।

### कोमल ने कांस्य पदक जीतकर खाता खोला

**गांधीनगर।** कोमल कोहर ने सोमवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत के पदकों का खाता खोला। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए 23 वर्षीय कोमल ने धैर्यपूर्ण और संयमित प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने कुल 177 किग्रा उठाया जिसमें स्नैच में 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उनके इस प्रयास ने उन्हें एक अन्य कांस्य पदक दिलाया।

### बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग का खिताब रखा बरकरार

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने रविवार को कैंप नोउ में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 29वीं बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीता। मार्कस रैशफोर्ड के नौवें मिनट और फेरान टोरेस के 18वें मिनट में किए गए गोल ने बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित की। इससे उसने ला लिगा के तीन दौर के मैच शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

## राजस्थान क्रिकेट में सक्रिय योगदान के लिए पूर्व क्रिकेटरों को आमंत्रण

# आरसीए का कायापलट करने में जुटी कमेटी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान क्रिकेट संघ (RCA) की एडहॉक कमेटी क्रिकेट की कायापलट करने में जुट गई है। इस कडी में पहले तो चैंलेजर ट्रॉफी को समाप्त किया और अब संघ मई में आरसीए पैनल मैच रेफरी वर्कशॉप एवं परीक्षा का आयोजन करेगा। इस पहल का उद्देश्य मैच अधिकारियों की कार्यक्षमता में सुधार करना और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के स्तर को अच्छा बनाना है।



मोहित।



अरिष्ट सिंघवी।

**पुरुष वर्ग:** अभ्यर्थी ने रणजी ट्रॉफी, अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी या अंडर-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया हो और न्यूनतम 5 बहु-दिवसीय मैच खेले हों।

**महिला वर्ग:** अभ्यर्थी ने सीनियर BCCI महिला क्रिकेट में प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम 5 मैच खेले हों।

### पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव का मिलेगा लाभ

एडहॉक कमेटी के संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव ने बताया कि इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य राज्य के पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव का अधिकतम उपयोग करना है। कमेटी के सदस्य अरिष्ट सिंघवी के अनुसार इस वर्कशॉप के लिए प्रत्येक जिला क्रिकेट संघ से 3 नामांकन (2 पुरुष एवं 1 महिला) आमंत्रित किए गए हैं। जिला संघों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित प्रारूप में नाम और पहचान दस्तावेजों के साथ 14 मई तक आवेदन देवें।

**अन्य शर्तें:** दोनों वर्गों के लिए अनिवार्य है कि उन्होंने घरेलू सत्र 2026-27 से कम से कम 5 वर्ष पूर्व सक्रिय क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो और 31 मई 2026 को उनकी आयु 45 वर्ष से कम हो।

### बढ़ेगी जवाबदेही

नई व्यवस्था के तहत अब रेफरी केवल स्कोर तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि मैदान और वेन्यू की स्थिति आदि की रिपोर्ट सौंपेंगे।

# बिजनेस बेधड़क



| शेयर बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| | 76,015.28 (-1,312.91) | 23,815.85 (-360.30) |



| सर्राफा | सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
| --- | --- | --- | --- |
| | 1,54,400 (-400) | 1,44,400 (-400) | 2,63,000 (+500) |

## जरूरी खबर

### रुपया 82 पैसे टूटकर 95.31 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** भारतीय मुद्रा बाजार में सोमवार को बड़ा झटका देखने को मिला। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82 पैसे टूटकर अब तक के सर्वकालिक निचले स्तर 95.31 (अस्थायी) पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल, वैश्विक तनाव और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने रुपए पर भारी दबाव बनाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.97 पर कमजोर खुला और दिनभर उतार-चढ़ाव के बीच 95.34 तक गिर गया। अंत में यह 95.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर 94.49 की तुलना में 82 पैसे की बड़ी गिरावट है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे भारत जैसे आयातक देश की मुद्रा पर दबाव बढ़ गया है।

## तेल संकट और वैश्विक तनाव से शेयर बाजार लाल निशान में बंद

# सेंसेक्स टूटा, निफ्टी भी फिसला

**एजेंसी** | मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को एक बार फिर भारी बिकवाली देखने को मिली। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और निवेशकों की संपत्ति में बड़ा नुकसान हुआ। बीएसई सेंसेक्स 1,313 अंक टूटकर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 के अहम स्तर से नीचे फिसल गया। वैश्विक तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता में विफलता का सीधा असर बाजार पर पड़ा। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 1,312.91 अंक यानी 1.70 प्रतिशत गिरकर 76,015.28 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 1,370 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, निफ्टी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,815.85 अंक पर बंद हुआ। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स करीब 1,950 अंक और निफ्टी 515 अंक तक टूट चुका है।





**बाजार का हाल एक नजर में**

- सेंसेक्स: -1,313 अंक (76,015 पर बंद)
- निफ्टी: -360 अंक (23,815 पर बंद)
- 3 दिन में सेंसेक्स गिरावट: 1,950 अंक
- 3 दिन में निफ्टी गिरावट: 515 अंक
- ब्रेंट क्रूड: 103.5 डॉलर/बैरल (+2.23%)

### डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रस्ताव को 'पूरी तरह अस्वीकार्य' बताने से निवेशकों में घबराहट

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के शांति प्रस्ताव को "पूरी तरह अस्वीकार्य" बताए जाने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है, जो बढ़कर 103 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। इससे निवेशकों में घबराहट बढ़ी और भारी बिकवाली देखने को मिली। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में टाइटन के शेयर में सबसे ज्यादा लगभग 7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एयरलाइन कंपनियों और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में भी दबाव देखा गया। हालांकि सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक जैसे कुछ शेयरों में हल्की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों का कहना है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितता आने वाले दिनों में भी बाजार पर दबाव बनाए रख सकती हैं। निवेशक फिलहाल जोखिम से बचते हुए सतर्क रुख अपना रहे हैं, जिससे बाजार में अस्थिरता बनी हुई है। एशियाई और यूरोपीय बाजारों में भी मिला-जुला रुख देखने को मिला, जबकि अमेरिकी बाजार पिछले सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए थे। कुल मिलाकर वैश्विक संकेत कमजोर होने से भारतीय बाजार पर दबाव बढ़ता दिख रहा है और आने वाले सत्रों में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है।

## बाजार हलचल

### राजस्थान में पेट्रोल की कोई कमी नहीं, जेब पर पड़ सकती है महंगाई की मार!





**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति फिलहाल पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और सप्लाई को लेकर किसी तरह की कमी नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में आम जनता की जेब पर महंगाई का बड़ा असर पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पेट्रोल 2 से 3 रुपए और डीजल करीब 5 रुपए प्रति लीटर तक महंगा हो सकता है। हालांकि राहत की बात यह है कि राजस्थान में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल पंपों पर सामान्य रूप से दो दिन का स्टॉक रखा जाता है, जबकि तेल कंपनियों के पास 60 से 72 दिनों तक का रिजर्व स्टॉक उपलब्ध है। इससे सप्लाई व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के संरक्षक सुमित बघई ने कहा कि प्रदेश में जरूरत के अनुसार पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि देश में हर साल पेट्रोलियम उत्पादों की खपत करीब पांच प्रतिशत बढ़ रही है, जिससे मांग लगातार बढ़ती जा रही है।

### बढ़ रहा है गैस बुकिंग का बैकलॉग



इसी बीच घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर भी दबाव की स्थिति बनी हुई है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फैडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक सिंह गहलोत ने बताया कि इंडियन ऑयल सहित अन्य कंपनियां कुल मांग के मुकाबले केवल 62 से 68 प्रतिशत तक ही सप्लाई कर पा रही हैं, जिससे कई क्षेत्रों में बुकिंग का बैकलॉग बढ़ रहा है। गैस सप्लाई में कमी के चलते स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## राजस्थान में जियो भारत फोन बना डिजिटल का साथी

**बेधड़क** | जयपुर





राजस्थान में डिजिटल तकनीक का विस्तार तेजी से हो रहा है और इसी के साथ जियो भारत फोन आम लोगों के लिए एक किफायती और उपयोगी विकल्प बनकर उभर रहा है। खासकर क्रिकेट प्रेमियों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण उपभोक्ताओं के बीच यह 4जी फोन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। कम कीमत में कई आधुनिक सुविधाएं मिलने से यह फोन मनोरंजन, डिजिटल भुगतान और सुरक्षित संचार का नया माध्यम बन गया है। दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी डिजिटल मनोरंजन की सुविधा मिल रही है। फोन में दिया गया 'साउंड पे' फीचर छोटे व्यापारियों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। यूपीआई भुगतान होने पर फोन से आवाज के जरिए तुरंत पुष्टि हो जाती है। इससे अलग से साउंड बॉक्स लगाने या उसका मासिक शुल्क देने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे व्यापारियों का खर्च कम हो रहा है।

## व्हीकल शेयरिंग से ईंधन बचत तक, उद्योग जगत ने अपनाया स्वदेशी मंत्र

# PM के सुझावों पर अमल की दिशा में फोर्टी के बढ़े कदम

**बेधड़क** | जयपुर





वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों को दिए गए सात आर्थिक सुझावों पर अब व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों ने भी गंभीरता से मंथन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) ने जयपुर में समीक्षा बैठक आयोजित कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, वुमन विंग अध्यक्ष नीलम मित्तल, यूथ विंग मुख्य सचिव प्रशांत शर्मा सहित संगठन के कई सदस्य मौजूद रहे। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कहा कि संगठन पहले से ही स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने, आयात पर निर्भरता कम करने और निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चला रहा है। प्रधानमंत्री की अपील से इस अभियान को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए उद्योग जगत और आम नागरिकों की सहभागिता जरूरी है।

### स्वदेशी उत्पादन प्रोत्साहन अभियान को गति

बैठक में फोर्टी ने सात सूत्रीय निर्णय लिए। इसके तहत स्वदेशी उत्पादन प्रोत्साहन अभियान को और गति दी जाएगी। संगठन से जुड़े उद्योगपति और व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर कर्मचारियों के बीच व्हीकल शेयरिंग को बढ़ावा देंगे, ताकि ईंधन की बचत हो सके। इसके साथ ही फोर्टी की नियमित बैठकों को ऑनलाइन और वर्चुअल माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिससे पेट्रोल-डीजल की खपत कम हो सके। फोर्टी ने अपने सदस्यों से अपील की है कि वे शादी समारोह, कॉर्पोरेट मीटिंग और डेस्टिनेशन वेडिंग देश के पर्यटन स्थलों पर ही आयोजित करें, ताकि देश का पैसा देश में ही खर्च हो और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा मिले। इसके अलावा भोजन में खाद्य तेल का सीमित उपयोग करने का सुझाव भी दिया गया।

### सोने की खरीद और रासायनिक उपयोग पर फोर्टी बनाएगी रणनीति

बैठक में सोने के आभूषणों की खरीद और खेती में यूरिया व अन्य रासायनिक पदार्थों के उपयोग को लेकर भी चर्चा हुई। इन विषयों पर सुझावों की व्यवहारिकता और अनुपालन की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है, जो सात दिन में अपनी रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की रणनीति तय कर फोर्टी सदस्यों को अवगत कराया जाएगा।

## विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी-पीआरसीआई के बीच एमओयू

# स्किल डेवलपमेंट, इंटर्नशिप और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

**बेधड़क** | जयपुर

मीडिया एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में विद्यार्थियों को नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी और पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई), जयपुर चैप्टर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के तहत पत्रकारिता, जनसंपर्क, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और मीडिया शिक्षा में अकादमिक व व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण, शोध, इंटर्नशिप और व्यावहारिक अनुभव मिलेंगे। दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से संगोष्ठी, कार्यशालाएं, सम्मेलन, अतिथि व्याख्यान और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करेंगी। साथ ही जनसंपर्क, विज्ञापन और कॉर्पोरेट संचार के क्षेत्र में प्रशिक्षण के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. (डॉ.) एन.डी. माथुर, उप-कुलपति प्रो. डी.वी. एस. भगवानुलु, डॉ. धीरज सिंह, दीपक प्रसाद तथा पीआरसीआई के अध्यक्ष सोमेंद्र हर्ष, सन्नी कुलश्रेष्ठ और डॉ. राहुल बाबू कोडाली सहित अन्य पदाधिकारी



मौजूद रहे। इसके अलावा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सचिन प्रताप सिंह, रमा चौधरी, डॉ. विकास कुमार और फाल्गुनी शर्मा सहित विश्वविद्यालय एवं पी.आर.सी.आई. से जुड़े कई शिक्षाविदों और सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### नई प्रवृत्तियों को समझने का अवसर

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया और जनसंपर्क उद्योग तेजी से बदल रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से भी परिचित कराना जरूरी है। पीआरसीआई प्रतिनिधियों ने इसे मीडिया शिक्षा और प्रोफेशनल नेटवर्किंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के सहयोग से युवा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचार और जनसंपर्क की नई प्रवृत्तियों को समझने का अवसर मिलेगा। एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थाएं संयुक्त शोध परियोजनाओं, प्रकाशनों, मीडिया अभियानों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े जनजागरूकता कार्यक्रमों पर भी काम करेंगी।

## City इवेंट्स

### मातृ शक्ति को समर्पित रचनाओं ने जीता दिल



**बेधड़क, जयपुर।** विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज की प्रेरणा से जयपुर मंडल द्वारा संचालित बाल संस्कार केन्द्र में निबंध, स्लोगन और कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रोहित कुमार, गुड्डु कुमार और अंजलि की रचनाएं श्रेष्ठ रहीं, जिन्हें मंडल प्रधान मदन लाल अग्रवाल और केन्द्र संचालक डॉ. मधु शर्मा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर साक्षी पटेल, समीर मंडल, राहुल कुमार, सागर, विक्रम, विवेक चौधरी, मीनाक्षी कुमारी सहित कई प्रतिभागियों ने 'मां' और मातृ शक्ति पर भावपूर्ण रचनाएं प्रस्तुत कर श्रद्धा व्यक्त की। बच्चों ने मातृ शक्ति और बुजुर्ग महिलाओं के योगदान के प्रति कृतज्ञता जताते हुए उनका सम्मान किया और आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में आचार्य मोहन लाल शास्त्री और विष्णु कुमार शर्मा के सान्निध्य में महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां देकर सभी के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम के संचालन में इंदु भार्गव, पुष्पा शर्मा और पूर्वा मित्तल का सहयोग रहा।

### मरुधर माथुर समाज ने वितरित किए परिंडे




**बेधड़क, जयपुर।** भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए अरावली मार्ग, मानसरोवर स्थित मरुधर माथुर समाज ने सिटी पार्क में सुबह 150 परिंडों का निशुल्क वितरण किया। पार्क में सुबह सैर करने आने वाले लोगों ने परिंडे लेने में विशेष रुचि दिखाई और पक्षियों के लिए उन्हें लगाने का संकल्प लिया। समाज के सचिव सुदेश रूप राय ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष गर्मियों में इस तरह का अभियान चलाया जाता है, ताकि पक्षियों को पानी की कमी से राहत मिल सके। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष प्रमोद, संयुक्त सचिव पंकज, दिनेश, दुर्गा लाल, डॉ. इंद्र, डॉ. विजय लक्ष्मी, मंजू, सुरेश तथा मंथन मौजूद रहे।

### जयपुराइट्स ने पौधारोपण कर किया श्रमदान




**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में टीम 10 ट्री एम्बुलेंस का स्वच्छता और सौंदर्यीकरण अभियान जारी है। टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में श्रमदान और सौंदर्यीकरण कार्य किए। अभियान के तहत 25 लोगों ने सफाई, रंगाई और पौधारोपण का कार्य किया। टीम की ओर से 14 टैंकर पानी डाला गया, वहीं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नए पेड़ भी लगाए गए। इसके अलावा 1 पिकअप मलवा उठाकर क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाया। शहर को आकर्षक स्वरूप देने के लिए 1300 मीटर लंबाई में दीवारों पर टेरिकोटा पेंट किया गया। वहीं 700 मीटर फुटपाथ की साइड वॉल पर पीले और काले रंग से पेंटिंग कर ट्रैफिक सुरक्षा और सौंदर्यीकरण का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान 2 सीमेंट की बेंचों पर रंग किया गया, जबकि लोहे के एक कचरा पात्र पर हरा रंग कर उसे नया स्वरूप दिया गया। मैंबर्स ने बताया कि टीम 10 ट्री एम्बुलेंस लगातार बिना छुट्टी लिए सेवा कार्य कर रही है।

### सही परामर्श से दंपती के जीवन में आई खुशियां

**बेधड़क, जयपुर।** हौसला बुलंद हो और सही मार्गदर्शन मिल जाए तो मुश्किल से मुश्किल राह भी आसान हो सकती है। पलवल निवासी दंपती सुनीता और जुरेस इसका उदाहरण हैं, जिन्होंने महंगे इलाज के बावजूद वर्षों तक संतान



सुख नहीं पाया, लेकिन अंततः सही दिशा में प्रयास कर सफलता हासिल की। शादी के तीन साल बाद भी संतान नहीं होने पर दंपती ने बड़े शहरों में जाकर कई डॉक्टरों से परामर्श लिया और आईवीएफ तक का सहारा लिया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार वे जयपुर स्थित विवेक विहार, सांगानेर रोड के ऋतु आईवीएफ पहुंचे, जहां आईवीएफ एक्सपर्ट डॉ. ऋतु अग्रवाल से सलाह ली। डॉ. अग्रवाल के मार्गदर्शन में लगभग तीन महीने तक उपचार चला और आश्चर्यजनक रूप से सुनीता बिना आईवीएफ के प्राकृतिक तरीके से गर्भवती हो गईं। इस सफलता ने यह साबित किया कि हर समस्या का समाधान महंगे इलाज में नहीं, बल्कि सही समय पर सही मार्गदर्शन में छिपा होता है।

## शिआमक समर फंक-2026 में दी मनमोहक प्रस्तुतियां

# 'फ्यूजन ऑफ एरास' में बच्चों ने किया रोमांचित



### ■ रेट्रो बॉलीवुड की चमक, विंटेज जैज से प्रेरित डांस से किया रोमांचित

**बेधड़क** | जयपुर

रेट्रो बॉलीवुड की चमक, विंटेज जैज से प्रेरित डांस, हिप-हॉप, भावपूर्ण समकालीन प्रस्तुतियां व मॉडर्न फ्यूजन एक्ट्स ने डांस की विकास यात्रा को मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया तो हर कोई रोमांचित हो उठा। मौका था जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल विद्यालय के ऑडिटोरियम में 'शिआमक समर फंक-2026' का, जिसमें जेपीआईएस के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। थीम "फ्यूजन ऑफ एरास" के तहत कार्यक्रम ने पुरानी यादों से जुड़ी कालजयी शैलियों और आधुनिक प्रस्तुतियों की ऊर्जावान अभिव्यक्तियों का संगम प्रस्तुत किया। समारोह में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स ने प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत बनाते हुए संगीत और नृत्य के अलग-अलग दशकों की झलक दिखाई।



### कला पीढ़ियों को जोड़ने का करती है काम

शाम का आकर्षण जयश्री पेरीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेरिवाल का संबोधन रहा। कलाकारों के जोश और परिश्रम की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि कला किस प्रकार पीढ़ियों को जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि "फ्यूजन ऑफ एरास" की थीम परंपरा और आधुनिकता के बीच सुंदर सामंजस्य को दर्शाती है। ऐसे में प्रस्तुतियों ने केवल तकनीकी उत्कृष्टता नहीं, बल्कि हर प्रतिभागी के आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण को उजागर किया। हर प्रस्तुति दर्शकों को एक अलग युग की यात्रा पर ले गई, जो



आधुनिक कोरियोग्राफी और कहानी कहने की कला से वर्तमान से सहज रूप से जुड़ी हुई थी। ऐसे में एक बार फिर शिआमक समर फंक ने सिद्ध कर दिया कि वह खास है। वर्ष 2026 का संस्करण केवल प्रस्तुति नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति, कल्पनाशीलता और नृत्य की सार्वभौमिक भाषा का उत्सव रहा।

### आधुनिक भारत में तकनीकी विकास पर चर्चा




**बेधड़क, जयपुर।** सूरज संस्थान की ओर से कनोड़िया स्कूल ऑफ लॉ फॉर वीमेन, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान प्रौढ़ शिक्षा समिति में 12वीं सेमिनार का आयोजन किया गया। 'एथिक्स, टेक्नोलॉजी एंड जस्टिस इन ए ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया' विषय पर आयोजित इस सेमिनार में शिक्षाविदों, विधि विशेषज्ञों, शोधार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में आधुनिक भारत में तकनीकी विकास, नैतिक मूल्यों और न्याय व्यवस्था के बदलते स्वरूप पर चर्चा हुई। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल न्याय, साइबर कानून, मानवाधिकार और सामाजिक परिवर्तन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। उद्घाटन सत्र में स्वागत उद्बोधन व कॉन्सेप्ट नोट डॉ. संजुला थानवी ने प्रस्तुत किया। अनिल थानवी ने संस्थान की स्थापना और अब तक के कार्यों की जानकारी दी। डॉ. वर्तिका अरोड़ा ने महाविद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. इडामती व्यास उपस्थित रहीं, जबकि मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. वागेश्वरी देशवाल ऑनलाइन जुड़ीं। मुख्य वक्ता डॉ. पूजा सक्सेना ने साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि डिजिटल खतरों से निपटने के लिए विधि विशेषज्ञों को तकनीक और कानून दोनों में दक्ष होना आवश्यक है।

### टैगोर की जयंती पर दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी

**बेधड़क, जयपुर।** महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर जेसीसीए की ओर से एक विशेष कला प्रदर्शनी शुरू की गई। इस प्रदर्शनी में उनके भतीजे और प्रसिद्ध कलाकार गगनेन्द्रनाथ टैगोर की दुर्लभ कृतियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण 1915 में प्रकाशित लिथोग्राफ श्रृंखला 'अद्भुत लोक' है, जिसे 'रियल्म्स ऑफ द एब्सर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। 15 कार्टूनों की इस श्रृंखला में उस समय के बंगाल के दैनिक जीवन को व्यंग्यात्मक अंदाज में दिखाया गया है, जो आज भी दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। यह प्रदर्शनी 9 मई 2026 से गैलरी में शुरू हो चुकी है। आमजन के लिए इसका समय सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक रखा गया है और यह सप्ताह के सातों दिन खुली रहेगी।

### 'नवयुग' में बाल प्रतिभाओं को मिला मंच




**बेधड़क, जयपुर।** बाल प्रतिभाओं को मंच देकर उनके सपनों को आकार देने के उद्देश्य से जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के सोशल आर्म 'अभ्युदय' की पहल 'जरूरत' के 12वें संस्करण 'नवयुग' का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस इवेंट में बच्चों के उत्साह और रचनात्मकता ने सभी को प्रभावित किया। 'नव-युग ऑन व्हील्स' के तहत बच्चों को आउटिंग कराई गई, जहां उन्हें बिड़ला ऑडिटोरियम, अल्बर्ट हॉल म्यूजियम और सॉफ्ट प्ले एरिया घुमाया गया। नई चीजों से रूबरू होते हुए बच्चों ने फोटोग्राफी, 'क्ले क्राफ्ट', 'हाफ टू होल' (ड्राइंग) और 'एक्सटेम्पोर' में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान इंस्टिट्यूशनल सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (आईएसआर) समिट की राउंड-टेबल कॉन्फ्रेंस भी आयोजित हुई, जिसमें विशेषज्ञों ने बच्चों के भविष्य, सामाजिक बदलाव और शिक्षा की रणनीतियों पर विचार साझा किए। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि सोनल उपाध्याय ने कहा कि समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब युवाओं को सही दिशा और अवसर मिलें। वहीं मलय कुमार चक्रबर्ती ने निस्वार्थ सेवा को सबसे बड़ा मूल्य बताते हुए युवाओं को समाज के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अर्पित अग्रवाल ने कहा कि जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक तैयार करना ही असली सफलता है। कार्यक्रम में धीमांत अग्रवाल और ध्रुवी अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आरआईसी में हुए विशेष नाटक ने दिए कई संदेश

# 'बेशर्म आदमी' ने हंसी-व्यंग्य के साथ समाज को दिखाया आईना

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) के मुख्य हॉल में रविवार की शाम "बेशर्म आदमी" नाटक ने कला प्रेमियों को प्रभावित किया। नाटक में अभिनेता अमोल ने प्रदर्शन किया, जहां हंसी, गंभीरता और अच्छी कहानी का मिश्रण रहा। नाटक ने आज के समय के रिश्तों की समस्याओं, समाज की उम्मीदों और लोगों के डर को दिखाया। जहां हंसी के साथ सोचने का मौका था। अमोल ने एक ऐसे इंसान को दिखाया जो अपने आप को समझने की कोशिश कर रहा है। उनकी मंच पर मौजूदगी और समय-निर्धारण बहुत सटीक रहा।



### कला जगत को किया समृद्ध

नाटक अपने समय के लिए प्रासंगिक रहा और इसमें अच्छी लिखावट खास रही। नाटक में गंभीर विषयों को हंसी और व्यंग्य के जरिए दिखाया गया, जो लोगों को रोमांचित और प्रभावित कर गया। नाटक ने जयपुर की संस्कृति और नाटक-जगत को समृद्ध किया। दर्शकों को शानदार और सोचने के लिए मजबूर करने वाला नाटकीय अनुभव मिला।

## मातृत्व दिवस पर सम्मान और उत्साह का अद्भुत संगम

# मां केवल परिवार की शक्ति ही नहीं, पूरे समाज की आत्मा

**बेधड़क** | जयपुर


मातृत्व दिवस के अवसर पर ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से टोंक रोड स्थित मालाबार शोरूम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की अनेक प्रतिष्ठित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नारी शक्ति, मातृत्व और संस्कारों के सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण एवं मेंटर मनीषा जैन 'कुसुम' रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'मां केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा होती है।' उनके भावपूर्ण विचारों ने उपस्थित महिलाओं को भावुक




कर दिया और सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान संगीत, नृत्य, मनोरंजक गेम्स, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोह ने माहौल को उत्साह और उल्लास से भर दिया। महिलाओं ने पूरे कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। साथ ही स्वादिष्ट अल्पाहार और आकर्षक उपहारों की भी व्यवस्था की गई। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर ने बताया कि ट्रस्ट महिला सशक्तीकरण, जीव दया, रक्तदान, पौधारोपण, परिंडा महोत्सव, निशुल्क चिकित्सा शिविर, शिक्षा और सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय है।

## हैप्पी वेडिंग


नवविवाहित डॉ. शुभि जैन और आयुष रांका के साथ (बाएं से) डॉ. सीबी जैन, डॉ. पीसी रांका, भारत भूषण जैन, शालिनी जैन, डॉ. वंदना रांका और डॉ. आरती शर्मा।


नवविवाहित डॉ. शुभि और आयुष के साथ अशोक पाटनी, भारत भूषण जैन, महंत गोपाल दास महाराज और योगेश।


भारत भूषण जैन, डॉ. राजेश अरोड़ा, सुषमा अरोड़ा और शालिनी जैन।


पवन अरोड़ा और रितु अरोड़ा के साथ भारत भूषण जैन व अशोक जैन।

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में रविवार को होटल क्लार्क्स आमेर में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर के पर्सनल सेक्रेटरी भरत भूषण जैन और शालिनी जैन की बेटी डॉ. शुभि का विवाह डॉ. वंदना और डॉ. वीसी रांका के बेटे आयुष के साथ हुआ। फर्स्ट इंडिया मीडिया ग्रुप के सीईओ एंड मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने रितु अरोड़ा के साथ समारोह में शिरकत की और नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। समारोह में राजस्थान पर्यटन विकास निगम की पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर सुषमा अरोड़ा, डॉ. राजेश अरोड़ा, आईएएस अधिकारी रवि जैन, डॉ. समित शर्मा, अरविंद कुमार पोसवाल, संदीप वर्मा और नवीन जैन, अशोक जैन, नीरू जैन तथा काले हनुमानजी मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज सहित अन्य लोग शामिल हुए। समारोह में परिवारजन, करीबी मित्र और रिश्तेदार भी उपस्थित रहे। डॉ. चंद्रभूषण, डॉ. आरती, मिट्टू, अखिल, रीना, रंगोली, आकर्ष, कल्पना, हेमंत कुमार सेठी, मैना और सुशील बंसल, हेमा और विनोद गर्ग, आराधना और आशीष शर्मा, सुशांत, इंद्रक, नरेंद्र, चंद्रप्रकाश, ऋषभ तथा कालाडेरा से अजमेरा व पाटनी परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## मीट एंड ग्रीट


डॉ. जगदीश चंद्र ने सोमवार को होटल ताज मानसिंह, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट के दौरान भारत के सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता व टीवी9 के होल टाइम डायरेक्टर हेमंत शर्मा की बेटी ईशानी शर्मा का अभिवादन किया और उनके जुड़वां बच्चों कामाख्या और अथर्व शर्मा के पहले जन्मदिन पर आशीर्वाद दिया। गौरतलब है कि बच्चों का जन्मदिन समारोह रविवार को ला सेरे, नई दिल्ली में कार्निवल थीम आधारित आयोजन के रूप में हुआ था। समारोह ईशानी शर्मा व उनके पति सचिन शर्मा आईपीएस अधिकारी ने क्यूरेट किया था।

## जी मुरली ट्रॉफी मुकाबले में रोमांचक मैच बना यादगार

# अंतिम ओवर में दिल्ली पुलिस ने मीडिया इलेवन टीम को हराकर फहराया परचम

**बेधड़क | जयपुर**

रोमांचक और हाई-वोल्टेज फ्रेंडली क्रिकेट मुकाबले में दिल्ली पुलिस टीम (सीपी XI) ने मीडिया XI को तीन विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबला रविवार शाम न्यू पुलिस लाइन्स, किंग्सवे कैंप स्थित स्पोर्ट्स ग्राउंड में जी मुरली ट्रॉफी के तहत खेला गया, जिसने दर्शकों को अंतिम ओवर तक रोमांचित बनाए रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया XI ने निर्धारित 20 ओवर में 234 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। अर्जुन ने 70 रनों की आक्रामक पारी खेली, जबकि एबीपी न्यूज के चिराग ने 69 रन बनाए। इंदर यादव ने मात्र 11 गेंदों में 29 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

जवाब में सीपी XI ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 18.1 ओवर में 237 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। गौतम ने 26 गेंदों में 92 रनों की विस्फोटक पारी खेली और 9 छक्कों की मदद से मैच का रुख बदल दिया। डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने 63 रन बनाकर जीत की नींव मजबूत की।



मैच से पहले टीम सीपी XI से बातचीत करते दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलछा। साथ में आईपीएस अधिकारी अजीत कुमार सिंगला, अनिल शुक्ला, रोहित राजवीर, विजय कुमार, सिकंदर सिंह और हरेश्वर स्वामी।



टीम मीडिया XI व भारत24 के क्राइम रिपोर्टर इंदर यादव का सम्मान करते दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलछा।


मैच के दौरान टीम मीडिया XI के चिराग और नीरज।


दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलछा के साथ विजय सिंह, अजीत कुमार सिंगला और अनिल शुक्ला।

### पुलिस कमिश्नर ने खिलाड़ियों को किया मोटिवेट

मैच के दौरान दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलछा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और दोनों टीमों के बीच खेल भावना व सौहार्द की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को मोटिवेट किया। आयोजन का संचालन मीडिया टीम संयोजक व कप्तान सुरेश झा ने किया। इस अवसर पर विजय कुमार, अजीत कुमार सिंगला, अनिल शुक्ला, रोहित राजवीर सिंह और सिकंदर सिंह सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन तालियों की गूंज के बीच हुआ, जिसमें पुलिस और मीडिया के बीच सहयोग, फिटनेस और आपसी सम्मान की भावना को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। अंत में सभी खिलाड़ियों और अन्य लोगों ने ग्रुप फोटोग्राफी में हिस्सा लेते हुए मैच की शानदार यादों को संजोया।

## City इवेंट्स

### कर्पूरचन्द की स्मृति में सभागार का लोकार्पण


**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में 'भट्टारक जी की नसियां' में नव साज-सज्जा के साथ 'निर्मल कुमार कर्पूरचन्द पाटनी सभागार' का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मेजबानी निर्मल कुमार पाटनी की बेटियों रश्मि पाटनी, साधना जैन और नीलिमा शर्मा ने की। तबियत खराब होने के बावजूद निर्मल कुमार पाटनी समारोह में उपस्थित रहे, जो खनन व्यवसायी हैं और अपने 100वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। समारोह का आयोजन स्वर्गीय कर्पूरचन्द पाटनी की स्मृति में और निर्मल कुमार पाटनी के सम्मान में किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 'इन्द्रलोक' परिसर को नुकसान पहुंचा था। इसके बावजूद संस्था ने पुनर्निर्माण का संकल्प लिया और सामूहिक प्रयासों से नए सभागार का निर्माण संभव हुआ। स्व. कर्पूरचन्द पाटनी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी, खादी कार्यकर्ता, समाज सुधारक, शिक्षाविद् और पत्रकार के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जयपुर में शुद्ध हाथ-काती खादी को पहचान दिलाने और पहला खादी भंडार स्थापित करने का श्रेय भी उन्हें जाता है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और समाज सुधार में सक्रिय भूमिका निभाई।

### रोटेरियन राखी नाथावत को मिला सम्मान

**बेधड़क, जयपुर।** मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित AIOS-AFOU 2026 सम्मेलन में रोटेरियन राखी नाथावत, पीपी रोटरी क्लब जयपुर (ऑर्गन डोनेशन) को उनके वैज्ञानिक क्षेत्र में योगदान के लिए





मोमेंटो ऑफ एप्रिसिएशन से सम्मानित किया गया। आयोजन ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी और आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विसेज के संयुक्त सहयोग से ऑपरेशन सिंदूर के तहत आयोजित किया गया, जो नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में प्रशिक्षण व तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। सम्मेलन के दौरान राखी नाथावत ने 'आई बैंक प्रोफेशनल्स के लिए तकनीकी उन्नति और प्रशिक्षण' विषय पर शोध व प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने नेत्रदान व आई बैंकिंग प्रणाली को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के लिए तकनीक आधारित प्रशिक्षण मॉडल पर अपने विचार प्रस्तुत किए। आयोजन में चिकित्सा विशेषज्ञों, सैन्य चिकित्सा सेवाओं के प्रतिनिधियों व नेत्र विज्ञान क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। सभी ने इस सहयोगात्मक पहल को नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## एक्ट टू एक्शन समर कैंप-2026 का विस्तार

**बेधड़क | जयपुर**

एक्ट टू एक्शन समर कैंप-2026 राजस्थान में शिक्षा, नेतृत्व और नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बढ़ रहा है। ऐसे में पहल भविष्य-उन्मुख युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए विभिन्न शैक्षणिक सहयोगों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सक्रिए रूप से कार्य कर रही है। जयपुर में शिक्षाविद् व महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त ने कैंप व आगामी शिक्षा सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने पहल को सराहते हुए गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में जुड़ने की सहमति दी और अभिभावकों व शिक्षकों को बदलते शिक्षा परिदृश्य पर संबोधित करने की बात कही। कार्यक्रम के तहत लैब ऑफ फ्यूचर के सहयोग से STEM आधारित वॉलेंटियर ट्रेनिंग सेशन का आयोजन भी किया गया, जिसका मार्गदर्शन अर्पित दुगर ने किया। सत्र में अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार आधारित गतिविधियों और भविष्य-उन्मुख शिक्षण पद्धतियों पर ध्यान दिया गया।




## दो दिवसीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आज से

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर जिला मुक्केबाजी संघ की ओर से जूनियर व सब-जूनियर बालक-बालिका जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता 12 और 13 मई को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता विद्याधर नगर स्थित आर. बॉक्सिंग एकेडमी, एवीएम स्कूल, अंबाबाड़ी में दोपहर 4 बजे से शुरू होगी। संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह चौहान और सचिव एन.एल. निर्वाण ने बताया कि प्रतियोगिता में जयपुर जिले के मूल निवासी बालक-बालिकाएं भाग लेंगी। जूनियर वर्ग के लिए जन्म वर्ष 2010 और 2011 निर्धारित किया गया है, जबकि सब-जूनियर वर्ग के लिए 2012 और 2013 की जन्मतिथि वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को स्थल पर सुबह 7 बजे उपस्थित होकर मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

## हैप्पी बर्थ डे


बर्थडे गर्ल्स सृष्टि और पूजा, साथ में (बाएं से) दिव्या, शगुन, मोनिका, खुशी, विधि और युविका।

**बेधड़क, जयपुर।** सृष्टि कुमावत और पूजा गौड़ का बर्थ डे रविवार रात टोकियो, जयपुर में सेलिब्रेट किया गया। ऐसे में म्यूजिक, डांस और मस्ती की धूम रही, जहां फ्रेंड्स और गेस्ट ने अवसर को यादगार बना दिया। फर्स्ट इंडिया मीडिया ग्रुप के सीएमडी डॉ. जगदीश चंद्र ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सृष्टि व पूजा को उनके विशेष दिन पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य, सफलता और खुशियों के लिए आशीर्वाद दिया। इस दौरान ईएमआर फाउंडर-डायरेक्टर गौरव गौड़, ईएमआर की चीफ मेंटर आकांक्षा भल्ला व सुपर मॉडल्स दिव्या, शगुन, मोनिका, सृष्टि, पूजा, खुशी, विधि और युविका शामिल हुई। मेजबानी करने और शाम को सक्सेस बनाने के लिए टोकियो, जयपुर क्लब एंड लाउंज के ओनर्स चिराग दीप सिंह और परितोष शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।


सृष्टि कुमावत के साथ गौरव गौड़।

पूजा गौड़ के साथ गौरव गौड़।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

# न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, मंगलवार, 12 मई, 2026

12



ध्यान अशांत दुनिया में स्पष्टता लाता है।

**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

### सुबह की सैर पर निकले सीएम, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

# मुख्यमंत्री ने कड़ेल में पैदल भ्रमण कर परखी योजनाओं की हकीकत

**बेधड़क** | जयपुर

अजमेर जिले के कड़ेल गांव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार सुबह आमजन के बीच पहुंचकर जनसंवाद और जनविश्वास की मिसाल पेश की। रविवार रात ग्राम चौपाल में ग्रामीणों से संवाद के बाद मुख्यमंत्री सुबह गांव की गलियों में पैदल भ्रमण करते नजर आए। ग्रामीणों ने जब अपने घरों से बाहर निकलकर मुख्यमंत्री को अपने बीच सहज रूप में देखा तो उत्साह का माहौल बन गया।

मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और महिलाओं, किसानों, पशुपालकों, युवाओं, फल-सब्जी विक्रेताओं तथा सफाईकर्मियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली और उन्हें चॉकलेट वितरित की। गांव भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर चाय भी पी तथा खेती, शिक्षा और गांव के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान सीएम शर्मा ने गांव के प्राचीन शेषनाग भगवान मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में भी उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद किया।

### बुजुर्गों से आशीर्वाद



### मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद



### राजस्व मामलों के निस्तारण के निर्देश

मुख्यमंत्री ने गांव में लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को विशेष शिविर लगाकर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने कड़ेल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। इसके साथ ही अतिरिक्त बस सेवा शुरू करने और बालिका विद्यालय की चारदीवारी निर्माण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बच्चों को दुलार



### सीएम की किसानों से आधुनिक खेती अपनाने की अपील

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों से गुलाब, आंवला, लेसवा, जामुन और प्याज जैसी स्थानीय फसलों तथा पारंपरिक खेती पर चर्चा की। उन्होंने आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि जल संरक्षण और उन्नत कृषि पद्धतियों से किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है।

## बेधड़क FIRST

### राज्यसभा चुनाव... 20 दिन में जारी हो जाएगा नोटिफिकेशन




राजस्थान में राज्यसभा की तीन सीटें खाली होने के साथ चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की तैयारी है। आगामी 20 दिनों में निर्वाचन आयोग अधिसूचना जारी कर सकता है। इन सीटों को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के वरिष्ठ नेता ऊपरी सदन में जाने की कोशिश में हैं। राजनीतिक हलकों में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर भी चर्चा है कि वे राजस्थान से फिर उम्मीदवार बनेंगे या नहीं।

### क्या चंद्रशेखर बन सकते हैं राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री!



तेलंगाना भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर को पार्टी की नई टीम में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री की जिम्मेदारी मिल सकती है। नितिन नवीन की नई टीम के गठन को लेकर चर्चाएं तेज हैं हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय विचार परिवार की ओर से लिया जाएगा। चंद्रशेखर पूर्व में राजस्थान भाजपा के संगठन महामंत्री भी रह चुके हैं और संगठनात्मक कार्यों का लंबा अनुभव रखते हैं।

### क्या फाइलों में सिमट जाएगा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन?



राजस्थान रोडवेज द्वारा प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने की योजना एक बार फिर अटक गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद फाइल वित्त विभाग को अनुमति के लिए भेजी गई लेकिन वह लंबे समय से लंबित है। अनुमति नहीं मिलने के कारण वर्क ऑर्डर जारी नहीं हो पा रहा है। पिछले पांच वर्षों से रोडवेज इलेक्ट्रिक बस संचालन का प्रयास कर रहा है लेकिन विभिन्न अड़चनों के चलते योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है।

### भूमि-भवन-भूखंड की रजिस्ट्री कराना अब फिर हो सकता महंगा



प्रदेश में भूमि भवन और भूखंड की रजिस्ट्री एक बार फिर महंगी हो सकती है। वित्त सचिव (राजस्व) ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर आवासीय, कृषि और व्यावसायिक भूमि की दरों में संशोधन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। पंजीयन और मुद्रांक विभाग के इस कदम से भू-कारोबारियों, किसानों और पक्षकारों पर प्रभाव पड़ सकता है। दरों में बदलाव होने पर भूमि खरीद-बेचान की लागत बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## MEET & GREET



*जयपुर। डॉ. जगदीश चंद्र और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सोमवार शाम जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अचानक मुलाकात हो गई। इस दौरान दोनों ने आत्मीयता के साथ एक-दूसरे का अभिवादन किया और संक्षिप्त बातचीत भी की। डॉ. जगदीश चंद्र नई दिल्ली से जयपुर लौट रहे थे, जबकि अशोक गहलोत पुणे से जयपुर पहुंचे थे। पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ और पवन गोदारा भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे।*

### गुवाहाटी पहुंचे सीएम भजनलाल, आज सरमा के शपथ ग्रहण में होंगे शामिल

## प्रवासी राजस्थानी भी निभाएं अपनी सक्रिय भूमिका

**बेधड़क** | गुवाहाटी/जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को गुवाहाटी पहुंचे। मुख्यमंत्री मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। गुवाहाटी पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान फाउंडेशन के असम एवं नॉर्थ ईस्ट चैप्टर द्वारा आयोजित अभिनंदन एवं स्वागत समारोह में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने अपनी उद्यमशीलता से देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। राजस्थानी जहां भी रहते हैं, अपनी परम्परा, संस्कृति और मिट्टी से जुड़ाव बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में बसे राजस्थानियों का यही जुड़ाव राजस्थान को ताकत प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को गुवाहाटी में राजस्थान फाउंडेशन के असम नॉर्थ ईस्ट चैप्टर की ओर से आयोजित अभिनंदन एवं स्वागत समारोह को संबोधित किया।



*सीएम भजनलाल शर्मा ने गुवाहाटी में राजस्थान फाउंडेशन के असम नॉर्थ ईस्ट चैप्टर की ओर से आयोजित अभिनंदन एवं स्वागत समारोह में शिरकत की। इस दौरान प्रवासी राजस्थानियों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।*

### पूर्व मुख्यमंत्री का बीजेपी पर हमला

## डराने-धमकाने से नहीं चलेगा काम: गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जेजेएम घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी की गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने के मामले में भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला। गहलोत ने कहा कि सत्ता हमेशा नहीं रहती, इसलिए किसी को गलतफहमी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि पूर्व मंत्री महेश जोशी को सुबह 5 बजे उठाया गया। क्या वे भाग रहे थे? ईडी ने उन्हें बुलाया था, पूछताछ की और फिर गिरफ्तार कर लिया। गहलोत ने सवाल उठाया कि कम से कम एसीबी को उन्हें बुलाकर बयान लेना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी दी कि केवल डराने-धमकाने से काम नहीं चलेगा। गहलोत ने कहा कि अगर कोई भ्रष्ट है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वह कितना भी करीबी क्यों न हो, लेकिन गलत तरीके से कार्रवाई करने वालों को याद रखना चाहिए कि सत्ता स्थायी नहीं होती। अधिकारी तो यहीं रहेंगे, सरकार बदलने पर भी वही अधिकारी काम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि एसीबी के डीजी पूरी तरह दबाव में काम कर रहे हैं। वे ईमानदार और अच्छे अधिकारी हैं, लेकिन ऊपर से दबाव के कारण निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर पा रहे हैं। गहलोत के अनुसार, एसीबी में अब दो गुट बन गए हैं। कुछ अधिकारी ईमानदारी से काम करना चाहते हैं, जबकि दो-तीन अधिकारियों को अपनी गलत कार्रवाई पर पछतावा है और उन्हें रात में नींद नहीं आती। गहलोत ने कहा कि अब वक्त आ गया है, जब भाजपा बनाम सभी दलों की लड़ाई होनी चाहिए। सभी को निजी स्वार्थ छोड़कर एकजुट होना होगा। यह लड़ाई अब केवल कांग्रेस बनाम भाजपा की नहीं, बल्कि पूरे विपक्ष की है। यह देश को बचाने का सवाल है।

उन्होंने भाजपा को सांप्रदायिक पार्टी करार देते हुए कहा कि उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने चाहिए। दुनिया भर में भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जो बेहद खतरनाक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे नहीं करने और सोना नहीं खरीदने वाले बयान पर भी गहलोत ने टिप्पणी की।

## नवीकरणीय ऊर्जा से दुनिया को दिशा दे रहा भारत: भूपेंद्र यादव

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि भारत नवाचार के साथ जुझारूपन, आर्थिक वृद्धि के साथ टिकाऊपन और सामाजिक समावेश के साथ विकास के मेल के जरिए वैश्विक नेतृत्व के रूप में उभरने की विशिष्ट स्थिति में है। यादव ने यहां सीआईआई की तरफ से आयोजित सम्मेलन में कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार, स्टार्टअप वृद्धि और विनिर्माण के माध्यम से वैश्विक बदलाव को दिशा दे रहा है।



## मिजोरम में डिजिटल न्याय प्रणाली को मिलेगा नया विस्तार: मेघवाल

**बेधड़क** | आइज़ोल

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सोमवार को मिजोरम दौरे के दौरान न्यायिक और कारागार व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला न्यायालय और जिला कारागार का दौरा कर व्यवस्थाओं को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और जन-अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने ई-कोर्ट्स, टेली-लॉ और अन्य डिजिटल न्यायिक सेवाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से तकनीक आधारित न्याय प्रणाली को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को आमजन तक सरल, सुलभ और त्वरित रूप में पहुंचाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है।



### महिला विकास योजनाओं का अध्ययन करने भारत पहुंचा श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल

# भारत-श्रीलंका के सांस्कृतिक रिश्ते सदियों पुराने: बिरला

**बेधड़क** | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत और श्रीलंका सदियों पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत आज भी आपसी मैत्री और सहयोग का मजबूत आधार बनी हुई है।

बिरला संसद भवन में श्रीलंका के 'महिला सांसद कॉकस' के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर रहे थे। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रीलंका सरकार की महिला एवं बाल मामलों की मंत्री सरोजा सावित्री पॉलराज कर रही थीं।

लोकसभा अध्यक्ष ने हाल ही में श्रीलंका के संसदीय प्रतिनिधिमंडल के भारत दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों के सांसदों के बीच बढ़ता संवाद संसदीय संबंधों को नई मजबूती दे रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित मुलाकातों और अनुभवों के आदान-प्रदान से आपसी समझ और सहयोग लगातार बढ़ रहा है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि भारत में महिलाएं चुनाव प्रक्रिया, नीति निर्माण और नेतृत्व के हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण अब 'महिलाओं के विकास' से आगे बढ़कर 'महिलाओं के नेतृत्व में विकास' की ओर केंद्रित हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि जब महिलाएं विकास का नेतृत्व करती हैं तो समाज अधिक समावेशी, संतुलित और टिकाऊ बनता है। बिरला ने बताया कि नए संसद भवन में पारित पहला कानून 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' था, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। देश के कई राज्यों में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जिसके चलते आज 14 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि पंचायतों और शहरी निकायों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।



*संसद भवन में श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।*

### 'लखपति दीदी' मॉडल की सराहना

आर्थिक सशक्तीकरण का जिक्र करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वयं सहायता समूहों और 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं को ग्रामीण महिलाओं के लिए परिवर्तनकारी बताया। उन्होंने कहा कि इन पहलों से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और उद्यमिता को नई दिशा मिल रही है। इस दौरान श्रीलंका की मंत्री सरोजा सावित्री पॉलराज ने भारत सरकार और लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत की परिवर्तनकारी योजनाओं, महिला उद्यमिता और डिजिटल कॉमर्स मॉडल को समझने का अवसर श्रीलंका की महिला सांसदों के लिए बेहद उपयोगी रहा। साथ ही उन्होंने कोविड-19 महामारी और 'डितवा' चक्रवात जैसे कठिन समय में श्रीलंका को सहयोग देने के लिए भारत का धन्यवाद भी जताया।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।